अमृत वाणी
जब भी दिल और दिमाग के टकराव हो तो दिल की सुनो।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

अयोध्या
वर्ष: 37 अंक 61
वृहस्पतिवार 11 जून, 2026
तापमान
अधिकतम 34°C | न्यूनतम 26°C

मूल्य 2 रुपए पृष्ठ- 06 अयोध्या, लखनऊ, जौनपुर, पटना (बिहार) एवं ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मध्य प्रदेश) से प्रकाशित www.tarunmitra.in

# मोदी ने 4399 दिन प्रधानमंत्री रहकर नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ा

### एनडीए ने किया सम्मान

**नई दिल्ली, 10 जून।** पीएम नरेंद्र मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनके कार्यकाल के आज 4,399 दिन पूरे हो गए। मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार पीएम पद की शपथ ली थी। अभी उनका यह तीसरा कार्यकाल चल रहा है।

उन्होंने 4,398 दिनों तक इस पद पर रहे पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया। पीएम मोदी की उपलब्धि और NDA सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को भारत मंडपम में NDA बैठक हुई।

इसमें भाजपा-NDA शासित 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के CM, डिप्टी CM और अन्य नेता शामिल हुए। सभी ने पीएम मोदी को बधाई दी। बैठक के बाद मोदी और भाजपा-NDA नेताओं ने झालमुड़ी खाई।

बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पीएम को अपने हाथ से झालमुड़ी परोस कर दी। अप्रैल 2026 में बंगाल चुनाव प्रचार के दौरान पीएम ने झाड़ग्राम में झालमुड़ी खाई थी। दुकान वाले से उनकी बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था।

NDA बैठक से पहले पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई थी। कैबिनेट ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर पीएम मोदी को बधाई दी। मंत्रियों ने उनकी उपलब्धि पर खड़े होकर तालियां बजाकर सम्मानित किया।

दरअसल, 15 अगस्त 1947 को देश के आजाद होने के बाद जवाहर लाल नेहरू को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। वे 15 अगस्त 1947 से 13 मई 1952 तक कुल 1732 दिन पीएम रहे।



इसके बाद 1952 में देश में पहला आम चुनाव हुआ। कांग्रेस सत्ता में आई। संसदीय दल ने नेहरू को अपना नेता चुना। इसके बाद नेहरू 13 मई 1952 से 27 मई 1964 तक लगातार निर्वाचित पीएम रहे।

इस कार्यकाल 4398 वें दिन का रहा था। इस तरह निर्वाचित पीएम के तौर पर मोदी नेहरू से आगे निकल गए हैं।

2014 में पहली बार संसद पहुंचे मोदी ने संसद की सीढ़ियों पर माथा टेका। 2019 में संविधान को प्रणाम किया। 2024 में संविधान को हाथ में उठाकर माथे से लगाया।

इजराइल, इथियोपिया और दक्षिण कोरिया समेत कई देशों के नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर उन्हें बधाई दी।

इजराइल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और इजराइल की अनूठी दोस्ती हर साल और मजबूत हो रही है। मोदी के नेतृत्व में दोनों देशों की साझेदारी को और गहरा करने की उम्मीद है।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग ने कहा कि यह उपलब्धि भारतीय जनता के मोदी के नेतृत्व पर भरोसे को दर्शाती है। इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली ने मोदी को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भारत ने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, तेज आर्थिक प्रगति और ग्लोबल साउथ की मजबूत आवाज बनने जैसे क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में देशभर से आए NDA नेताओं के साथ बैठक की। NDA नेताओं ने पीएम मोदी को भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी।

## पीएम मोदी की नेहरू से कोई बराबरी नहीं : शरद पवार

**मुम्बई, 10 जून।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप)के अध्यक्ष शरद पवार ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना जवाहरलाल नेहरू से किए जाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री के त्याग और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को नहीं भूल सकते। पवार ने राकांपा(शप)के27वें स्थापना दिवसकार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्री बन गए हैं और ऐसी छवि बनाई गई है कि उनके जैसा कोई नेता नहीं है। उन्होंने कहा, ''राष्ट्र निर्माण और स्वतंत्रता संग्राम में नेहरू के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता और उसका सम्मान किया जाना चाहिए।''



पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''उनकी तुलना किसी और से नहीं की जा सकती। महात्मा गांधी के नेतृत्व में आजादी की लड़ाई के दौरान नेहरू ने कई साल जेल में बिताए।'' पवार ने मोदी के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने के रिकॉर्ड का जिक्र करते हुए कहा, ''यह अच्छी बात है। संसदीय लोकतंत्र में प्रधानमंत्री का पद संवैधानिक होता है और हमें उसका सम्मान करना चाहिए। लेकिन नेहरू तो नेहरू हैं और भारतीय उनके त्याग को नहीं भूल सकते।'' महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता गिरीश महाजन ने आरोप लगाया था कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने सिखों पर अत्याचार किया। पवार ने महाजन के इस बयान की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा, ''ऐसा बयान स्वीकार्य नहीं है।

ऑपरेशन ब्लू स्टार इंदिरा गांधी का एक बलिदान था। सिखों ने देश की सुरक्षा और खाद्य सुरक्षा के लिए सीमाओं पर काम किया है। कुछ लोगों ने अलग रास्ता चुना। कुछ घटनाएं हुईं जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। इंदिरा गांधी ने देश की प्रतिष्ठा और सुरक्षा से कभी समझौता नहीं किया।'' महाजन ने ऑपरेशन ब्लू स्टार को 'काला दिवस' करार देकर और 1984 की सेना की कार्रवाई की तुलना अफ़गान शासक अहमद शाह अब्दाली के हमले से करके राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है।

विपक्षी दलों ने महाजन के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उन्हें पद से हटाने की मांग की है। भाजपा नेता ने ऑपरेशन ब्लू स्टार को सिख समुदाय के पवित्र स्थल पर 'सैन्य हमला' करार देते हुए आरोप लगाया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जबरन सेना को पंजाब और उस पवित्र परिसर के भीतर भेजा था।

# आरएसएस मुख्यालय, महाराष्ट्र सीएम दफ्तर मुंबई-पुणे मेयर ऑफिस उड़ाने की धमकी

### खालिस्तान नाम से भेजे गए ईमेल, महाराष्ट्र में जांच एजेंसियां सतर्क

**मुंबई, 10 जून।** महाराष्ट्र में बुधवार को RSS मुख्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय (CMO) और मुंबई-पुणे के मेयर कार्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल मिले। ईमेल खालिस्तान नेशनल आर्मी बताने वाले ग्रुप की ओर से भेजे गए थे। इसके बाद कई इमारतें खाली कराई गईं और सुरक्षा एजेंसियों ने तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों के मुताबिक कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।


सूत्रों के मुताबिक, नागपुर की मेयर नीता ठाकरे को एक ईमेल मिला। इसमें दावा किया गया था कि महाल स्थित RSS मुख्यालय और रेशीमबाग के डॉ. हेडगेवार स्मृति भवन में विस्फोटक लगाया गया है। सूचना मिलते ही बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड (BDDS) को मौके पर भेजा गया।

पूरे परिसर और आसपास के संवेदनशील इलाकों की जांच की गई। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला, लेकिन एहतियात के तौर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

इसी बीच, बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) को भी कई ईमेल मिले। इनमें मुंबई के मेयर कार्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय, BSE भवन और नगर निगम दफ्तरों में विस्फोट की धमकी दी गई थी। ये ईमेल निगम की कई आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजे गए थे।

अधिकारियों के मुताबिक, ईमेल में खालिस्तान का जिक्र किया गया था। इसमें कई संस्थानों और संगठनों के खिलाफ भड़काऊ व धमकी भरी बातें लिखी गई थीं। सुरक्षा एजेंसियों ने ईमेल की जांच शुरू कर दी है।

समान कंटेंट वाले ईमेल में दावा किया गया था कि मुंबई के मेयर कार्यालय में IED से लैस कार से धमाका किया जाएगा। इसके अलावा BSE भवन, CMO और BMC कार्यालयों को भी अलग-अलग समय पर निशाना बनाने की धमकी दी गई थी।पुणे में नगर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन और मेयर कार्यालय को भी बम धमाके की धमकी वाला ईमेल मिला। इसके बाद इमारत खाली कराई गई और बम निरोधक दस्ते ने पूरे परिसर की तलाशी ली।



पुलिस और नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक, ईमेल में पुणे नगर निगम के मेयर कार्यालय में दोपहर 1.11 बजे, विधान भवन में 3.11 बजे और नागपुर स्थित ऋस्स मुख्यालय में 3.11 बजे IED विस्फोट की धमकी दी गई थी। हालांकि ये धमकी फर्जी निकली।

ईमेल में दावा किया गया कि RSS ने 1984 के ऑपरेशन ब्लूस्टार और ऑपरेशन वुडरोज का समर्थन किया था। इसमें बदला लेने, BJP और RSS का अंत करने जैसी बातें भी लिखी गई थीं।

इसके बाद पुणे नगर निगम परिसर में अगले आदेश तक आम लोगों की एंट्री पर रोक लगा दी गई। मुंबई और पुणे के नागरिक मुख्यालयों व मेयर कार्यालयों में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

ईमेल भेजने वाले की पहचान और सोर्स का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने लोगों से घबराने की जरूरत नहीं बताई और कहा कि सभी जरूरी सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

## टीएमसी के 19 बागी लोकसभा सांसदों में शत्रुघ्न सिन्हा-यूसुफ पठान

### ममता की करीबी सयोनी भी, अब तक 58 विधायक, 2 राज्यसभा सांसद अलग हुए

**नई दिल्ली, 10 जून।** ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में लगातार टूट जारी है। सूत्रों के मुताबिक, काकोली घोष के नेतृत्व वाले टीएमसी बागी गुट ने 19 लोकसभा सांसदों के नाम की लिस्ट जारी कर दी।

इसमें ममता की करीबी मानी जाने वाली जादवपुर से सांसद सयोनी घोष, यूसुफ पठान और शत्रुघ्न सिन्हा का भी नाम शामिल है। 8 जून को काकोली घोष ने दावा किया था कि उन्होंने 20 लोकसाभा सांसदों के समर्थन वाला पत्र स्पीकर ओम बिरला को भेजा है।

बुधवार को राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने भी पार्टी और पद से इस्तीफा दे दिया। पिछले 3 दिनों में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के दो राज्यसभा सांसद पार्टी छोड़ चुके हैं। इससे पहले 8 जून को सुखेंदु शेखर ने राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था, पार्टी भी छोड़ दी थी।

इसके बाद टीएमसी के लोकसभा में 28 में से 20 सांसद और राज्यसभा में 13 में से 2 सांसद यानी कुल 22 सांसद टूट चुके हैं। 3 जून को बंगाल के 80 में से 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं।

उन्होंने ऋ तब्रत बनर्जी को विधानसभा में विपक्ष का नेता बनाने के लिए स्पीकर को पत्र दिया था। ऋतब्रत ने बुधवार को कहा कि हमारे पास 64 विधायक हैं। बाकी के 6 विधायक भी स्पीकर को चिट्ठी सौंपेंगे।

# 36 हजार भारतीय सिम कंबोडिया में एक्टिव

### साइबर धोखाधड़ी के लिए इन्हीं में से 5,300 कार्ड का इस्तेमाल किया गया

**नई दिल्ली, 10 जून।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कंबोडिया से संचालित एक अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्थान और पंजाब में बड़े पैमाने पर छापेमारी की है।

जांच में खुलासा हुआ है कि हजारों भारतीय सिम कार्ड फर्जी तरीके से एक्टिव कर विदेशी नेटवर्क तक पहुंचाए जा रहे थे, जिनका इस्तेमाल भारत में बड़े पैमाने पर साइबर धोखाधड़ी के लिए किया जा रहा था।

जांच के दौरान एजेंसी ने करीब 2.3 लाख संदिग्ध मोबाइल नंबरों का विश्लेषण किया। इसमें सामने आया कि लगभग 36 हजार भारतीय सिम कार्ड कंबोडिया में सक्रिय थे।

इनमें से करीब 5300 सिम कार्ड सीधे तौर पर भारत में साइबर फ्रॉड के मामलों में इस्तेमाल किए गए। जांच एजेंसियों के अनुसार इन नंबरों के जरिए देशभर में सैकड़ों करोड़ रुपए की ठगी को अंजाम दिया गया।

ईडी ने यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जोधपुर साइबर पुलिस थाने में दर्ज



एफआईआर के आधार पर शुरू की।

5 जून को शुरू हुई इस कार्रवाई के तहत राजस्थान के किशनगढ़, नागौर और जोधपुर के साथ पंजाब के लुधियाना में कुल सात स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया।

छापेमारी के दौरान ईडी ने बड़ी संख्या में दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और 14 मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

ईडी के अनुसार, यह पूरा नेटवर्क बेहद सुनियोजित तरीके से काम कर रहा था। सिम विक्रेता टेलीकॉम कंपनियों की पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) आईडी का उपयोग कर लोगों को नया सिम लेने या मोबाइल नंबर पोर्ट कराने के बहाने बुलाते थे।

कम पढ़े-लिखे और जागरूकता की कमी वाले लोगों के दस्तावेज लेकर उनके नाम पर अतिरिक्त सिम कार्ड भी सक्रिय कर दिए जाते थे। बाद में इन सिम कार्डों को मलेशियाई नागरिकों के जरिए कंबोडिया भेजा जाता था।

## यूपी में प्री-मानसून बारिश, 35 शहरों में अलर्ट

**लखनऊ/वाराणसी/प्रयागराज,10 जून।** यूपी में भीषण गर्मी के बीच मौसम बदलने वाला है। प्रदेश में बुधवार से प्री-मानसून बारिश का सिलसिला शुरू हुआ। बुधवार तड़के नोएडा-गाजियाबाद और संभल में तेज हवा के साथ बारिश हुई। हालांकि, बाकी शहरों में तेज धूप निकली। मौसम विभाग ने आज 35 जिलों में आंधी, बारिश और बिजली-ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। 17 शहरों में हीटवेव (लू) का भी अलर्ट है। IMD के मुताबिक, कल यानी 11 जून से एक नया पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होगा। इससे प्री-मानसून जोर पकड़ेगा। इससे पहले, मंगलवार को आंधी-तूफान ने चित्रकूट, इटावा, फिरोजाबाद और सीतापुर में भारी नुकसान पहुंचाया। चित्रकूट में 4.5 करोड़ के श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऑडिटोरियम की छत उड़ गई। इटावा में 100 की रफ्तार से आए तूफान में टिनशेड उड़कर महिला पर गिर गई। सड़क पर पेड़ के नीचे दबकर बुजुर्ग की मौत हो गई।

## दिल्ली होटल आग : लाइसेंस मालिक नहीं, कर्मचारी के नाम

### अकाउंटेंट बोला- सारे दस्तावेज जले, घटना वाले दिन मेट्रो से शहर में घूम रहा था

**नई दिल्ली, 10 जून।** दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लरिश स्टे होटल में आग लगने के मामले में जांच के दौरान नए खुलासे हुए हैं। पुलिस को होटल के लाइसेंस, संचालन और फायर सेफ्टी नियमों में संभावित गड़बड़ियों के बारे में जानकारी मिली है। ये बातें होटल मालिक लवकेश बजाज और अकाउंटेंट जय मिश्रा से पूछताछ के दौरान सामने आईं। दोनों को होटल में आग के मामले में गिरफ्तार किया गया था। 3 जून को हुए हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई थी। जय मिश्रा ने बताया कि होटल का लाइसेंस बनवाने के लिए बजाज ने उसके दस्तावेज इस्तेमाल किए थे। यही नहीं जिस दिन आग लगी वह घटना वाली जगह आया, थोड़ी देर रुका। फिर मेट्रो से पूरे शहर में इधर-उधर घूमता रहा। मेहमानों के रजिस्टर, पहचान के रिकॉर्ड, लाइसेंसिंग के कागजात और अन्य दस्तावेजों के बारे में पूछे जाने पर मिश्रा ने दावा किया कि सभी रिकॉर्ड होटल में रखे गए थे, लेकिन आग में पूरी तरह जल गए। हालांकि, पुलिस इस दावे की पुष्टि करने की कोशिश कर रही है। जांच करने वाले अधिकारी होटल के कागजी रिकॉर्ड को फिर से तैयार करने और जिम्मेदारी तय करने के लिए अलग-अलग सरकारी विभागों, ऑनलाइन पोर्टलों और संबंधित एजेंसियों से जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। पुलिस यह जांच कर रही है कि लाइसेंस की मंजूरी प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी या मिलीभगत तो नहीं थी। फ्लरिश स्टे होटल के पास B&B (बेड एंड ब्रेकफास्ट) के तौर पर सिर्फ 6 कमरों का लाइसेंस था। रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट के मुताबिक, पहली मंजिल पर 3 और दूसरी मंजिल पर 3 कमरे दर्ज थे। होटल सिल्वर कैटेगरी में रजिस्टर्ड था। हालांकि, पुलिस का कहना है कि इमारत में करीब 25 कमरे चलाए जा रहे थे।

# पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट में 29 लाख मतदाता बढ़े

### 2 करोड़ नाम काटे गए, यूपी में हर वोटर को मिला 9 अंकों का खास नंबर

**लखनऊ, 10 जून।** यूपी में पंचायत चुनाव के लिए अंतिम मतदाता सूची बुधवार को जारी कर दी गई। तमाम दावों, आपत्तियों के निस्तारण और गहन सत्यापन के बाद इस फाइनल लिस्ट को तैयार किया गया है।

राज्य निर्वाचन आयोग ने इस बार एक बड़ा बदलाव करते हुए हर पंचायत मतदाता को 9 अंकों का एक यूनिक पहचान नंबर जारी किया है। हालांकि, सूची जारी होते ही कई जिलों में वोटर्स को इसे डाउनलोड करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, ऐसा तकनीकी दिक्कतों के चलते हो रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग की जारी मतदाता सूची के मुताबिक, प्रदेश में अब पंचायत चुनाव के लिए 12 करोड़ 58 लाख 51 हजार 570 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। मतदाता सूची के पुनरीक्षण से पहले 12 करोड़ 29 लाख 50 हजार 52 मतदाता थे। इस तरह से




मतदाताओं की संख्या में 29 लाख 1 हजार 518 की वृद्धि हुई है। मतदाता सूची पुनरीक्षण में 2 करोड़ 32 लाख 24 हजार 805 नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। वहीं, एक से अधिक जगह नाम शामिल होने, पता बदलने, मतदाता की मृत्यु होने समेत अन्य कारणों से कुल 2 करोड़ 3 लाख 23 हजार 287 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। यूपी में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बीती 26 मई को खत्म हो चुका है। समय पर चुनाव न हो पाने के कारण सरकार ने बड़ा फैसला लिया था। निवर्तमान प्रधानों को ही अगले 6 महीने के लिए प्रशासक के तौर पर जिम्मेदारी सौंप दी है। सरकार ने पंचायत चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर पिछड़ा वर्ग आयोग भी बनाया है। इस कमिशन को 6 महीने के भीतर जिलावार आर्थिक और सामाजिक स्तर की समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

यूपी सरकार ने भले ही आयोग को 6 महीने का वक्त दिया है, लेकिन जल्द पंचायत चुनाव कराने को लेकर दायर एक याचिका अभी इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित है। हाईकोर्ट ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए ओबीसी कमिशन को जुलाई में ही अपनी रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

यूपी में फरवरी-मार्च में विधानसभा चुनाव होने हैं। राजनीतिक दलों को डर है कि विधानसभा चुनाव के ठीक पहले पंचायत चुनाव कराने से उनके संगठन और चुनावी तैयारियों को भारी नुकसान हो सकता है। दरअसल, पंचायत चुनाव दलीय आधार पर नहीं लड़े जाते। इस कारण स्थानीय स्तर पर वर्चस्व की जंग और गुटबाजी चरम पर होती है। कई बार एक ही पार्टी के दो मजबूत कार्यकर्ता आमने-सामने चुनाव मैदान में उतर जाते हैं। ऐसे में लोग पार्टी की मर्यादा भूल जाते हैं। इससे मुख्य चुनाव के समय पार्टी कैडर बिखरने का खतरा रहता है। प्रदेश में ग्राम पंचायत के साथ-साथ क्षेत्र पंचायत (बीडीसी) और जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव भी एक साथ कराए जाने हैं।

# अफगानिस्तान पर पाकिस्तानी मिसाइल हमले में 13 की मौत

### इनमें 11 बच्चे, पाकिस्तान का दावा- 26 भारत समर्थित आतंकी मारे

**काबुल/इस्लामाबाद, 10 जून।** पाकिस्तान ने मंगलवार रात अफगानिस्तान के कई इलाकों में मिसाइल हमले किए। अफगान तालिबान सरकार के मुताबिक इन हमलों में 13 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 11 बच्चे, एक महिला और एक बुजुर्ग शामिल हैं। इसके अलावा 14 महिलाएं घायल हुई हैं। तालिबान ने दावा किया है कि हमलों में रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया और कुनार, खोस्त तथा पक्तिका प्रांतों में आम लोगों के घरों पर बमबारी की। उन्होंने सोशल मीडिया पर घायलों की तस्वीरें भी साझा कीं और इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की।

वहीं पाकिस्तान ने इन आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया कि उसने खुफिया जानकारी के आधार पर आतंकियों के ठिकानों पर सटीक हमला किया।

पाकिस्तानी सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार के मुताबिक इस ऑपरेशन में 26 भारत समर्थित आतंकवादी मारे गए और चार बड़े आतंकी ठिकाने पूरी तरह तबाह कर दिए गए। पाकिस्तान का कहना है कि निशाना बनाए गए ठिकानों में ट्रेनिंग सेंटर, हथियारों का गोदाम और दो आतंकी कमांडरों के ऑपरेशन सेंटर शामिल थे।

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 9 जून को एक बॉर्डर चौकी पर हुए हमले में पाकिस्तान के छह सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई थी। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक हमले के दौरान आठ आतंकवादी भी मारे गए। अधिकारियों ने दावा किया कि हमलावरों ने सीमा चौकी पर कब्जा करने की कोशिश की थी।

पाकिस्तान लंबे समय से कहता रहा है कि उसकी सैन्य कार्रवाई आतंकवादी संगठनों के खिलाफ है, खासकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP) के खिलाफ। पाकिस्तान का आरोप है कि (TTP) के लड़ाके अफगानिस्तान की जमीन से काम करते हैं और पाकिस्तान में हमले करते हैं।

वहीं काबुल में तालिबान सरकार इन आरोपों को खारिज करती है। उसका कहना है कि वह किसी भी ऐसे समूह को पनाह नहीं दे रही है। इसके उलट तालिबान पाकिस्तान पर अफगानिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन करने का आरोप लगाता है।

तालिबान सरकार के अनुसार पिछले एक साल में पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाइयों में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। मार्च 2026 में अफगानिस्तान पर एक बड़ा हवाई हमला किया था।

अफगान अधिकारियों के मुताबिक, काबुल में एक नशा मुक्ति केंद्र पर हुई बमबारी में 400 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। तालिबान ने इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस हमले में 269 मौतों की पुष्टि हुई थी।

अफगानिस्तान का दावा था कि पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के कई इलाकों को निशाना बनाया था। हालांकि पाकिस्तान ने इन आरोपों को खारिज कर दिया था। पाकिस्तान का दावा था कि कार्रवाई में एक गोला-बारूद डिपो को टारगेट किया गया था।

मार्च की उस घटना के बाद से दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया। सीमा पार हमलों, एयरस्ट्राइक और सैन्य झड़पों को लेकर दोनों देश लगातार एक-दूसरे पर आरोप लगाते रहे हैं।

घर के बाहर घर जैसा आराम
होटल वैशाली


मेन मार्केट चौक, प्रभात टाकीज गली, फैजाबाद
(बस स्टेशन-रेलवे स्टेशन से 2-50 कि.मी.)
एस. बी. आई. अपोलो म्यूनिक हेल्थ इंश्योरेंस के लिए संपर्क करें। मो.- 9919404087

कंचन चौरसिया
महिला जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार मण्डल व चौरसिया समाज
रमेश कुमार चौरसिया
जिलाध्यक्ष चौरसिया समाज
महामंत्री उद्योग व्यापार मण्डल, फैजाबाद
नोट- पीलिया, बवासीर, गोखरू, कुत्ता काटने इत्यादि की दवा के लिए संपर्क करें।
काकू भाई मो. 9235152444

निदान चिकित्सा केन्द्र
कालेज रोड, खिड़की अलीबेग (फैजाबाद) अयोध्या, मो0- 8577956003
डा. गुंजन यादव
( M.B.B.S.,D.G.O. )
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डा. रोहित यादव
( M.B.B.S., M.D. )
बालरोग विशेषज्ञ, पीजीआई चण्डीगढ़

डा. राधेश्याम यादव
( M.B.B.S., D.T.C.D. ), पूर्व रेजीडेन्ट आफिसर मेडिसिन एवं नेफ्रोलोजी बत्रा अस्पताल नई दिल्ली
पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी ( C.M.O ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी ( D.T.O. ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व संयुक्त निदेशक ( J.D. ) आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ ( रजि. नं.- 29775 )
प्रबंधक:- हरगोविन्द यादव

# युवा जिलाध्यक्ष ने विभिन्न बैठकों में किसानों को किया संबोधित



बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के युवा जिलाध्यक्ष फैसल मलिक ने संगठन विस्तार अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित बैठकों में भाग लेकर किसानों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया तथा संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

सबसे पहले युवा जिलाध्यक्ष फैसल मलिक, देवा ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद रईस के बुलावे पर देवा क्षेत्र पहुंचे, जहां किसानों, युवाओं एवं संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनके समाधान हेतु संघर्ष तेज करने की रणनीति बनाई गई। इस दौरान देवा ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद रईस एवं उनकी पूरी टीम की सर्वसम्मति से हरिचंद यादव को भारतीय किसान यूनियन टिकैत का युवा नगर अध्यक्ष, देवा मनोनीत किया गया। नवमनोनीत पदाधिकारी का उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

इसके बाद युवा ब्लॉक अध्यक्ष देवा अर्शद अली के बुलावे पर आयोजित बैठक में पहुंचे, जहां उन्होंने किसानों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संगठन की ताकत उसकी एकता में निहित है और किसानों के हक की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ी जाएगी। इसके उपरांत दरियाबाद ब्लॉक अध्यक्ष प्रीतम वर्मा के बुलावे पर दरियाबाद ब्लॉक में आयोजित बैठक में पहुंचे। बैठक में किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान दरियाबाद ब्लॉक अध्यक्ष प्रीतम वर्मा एवं उनकी टीम की सर्वसम्मति से संतोष को भारतीय किसान यूनियन टिकैत का युवा ब्लॉक अध्यक्ष, दरियाबाद नियुक्त किया गया। इस घोषणा पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए नवमनोनीत पदाधिकारी का स्वागत किया और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। युवा जिलाध्यक्ष फैसल मलिक ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन टिकैत किसानों, मजदूरों एवं आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से 15, 16 एवं 17 जून को हरिद्वार में आयोजित होने वाली विशाल किसान पंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। बैठकों के दौरान किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से संगठन को अवगत कराया, जिनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों तक आवाज पहुंचाने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती तथा किसान हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। प्रमुख रूप से मध्यांचल प्रवक्ता बलराम यादव, तहसील सचिव कलीम मुनिया, पूर्व प्रवक्ता डॉ. भानु, जिला उपाध्यक्ष एच.एन. चंद्र वर्मा, राजनीकांत, नरेश, सुनील अवस्थी, ऋतेश यादव, अनिल रस्तोगी, सुनील वर्मा, विपिन शर्मा संजय शर्मा, अजय कुमार पासी, दिनेश रावत, मोहम्मद रईस, अर्शद अली, प्रीतम वर्मा, हरिचंद यादव, संतोष कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# बस और ट्रक की टक्कर में सत्रह लोग घायल,दो कि हालत गंभीर



बहराइच। मंगलवार को समय लगभग 11:00 बजे रात्रि में बहराइच सीतापुर रोड पर बहराइच की तरफ से आ रही ट्रक नम्बर P 21CH5785 तथा लखनऊ से रूपईडीहा जा रही रोडवेज बस नंबर P78HN3836 में सामने से थाना हरदी के गदामार गांव के पास टक्कर हो गई ,जिससे बस में बैठे कुल 35 यात्रियों और ट्रक के कंडक्टर सहित कुल 17 लोग चोटिल हो गए।जिन्हें तत्काल हरदी पुलिस और उच्चाधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया गया।घायल हुवे लोगों में हंसराज पुत्र शालीग्राम निवासी कपूरपुर थाना हरदी उम्र 23 वर्ष, अवधेश कुमार पुत्र रामसिंह हरहा थाना नानपारा उम्र 24 वर्ष,पप्पू पुत्र जाबीर निवासी इमामगंज थानादरगाह शरीफ उम्र 42 वर्ष,सोनूपाल पुत्र मन्नू पाल निवासी गोबिंदपुर थाना रामगांव उम्र 24 वर्ष,रामकली पत्नी सालिकराम निवासी कपूरपुर थाना हरदी उम्र 50 वर्ष,मुनेश्वर पुत्र मुन्नालाल निवासी कासगंज थाना सिद्धपुरा कासगंज उम्र 32 वर्ष,सूबेदार पुत्र पतिराम निवासी अमरैया थाना नानपारा उम्र 23 वर्ष,सालिक पुत्र महिला निवासी कपूरपुर थाना हरदी उम्र 55 वर्ष उ,सत्यदेव शर्मा पुत्र राजकुमार निवासी आनंदनगर चौराहा थाना धानेपुर जनपद गोण्डा उम्र 26 वर्ष,बेचन पुत्र भबौले निवासी लक्ष्मणपुर थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती उम्र 56 वर्ष,लवलेश पाल पुत्र हरिप्रसाद निवासी शिवनाथपुरा मरोचा थाना फखरपुर उम्र 26 वर्ष,शिवम पुत्र ननकऊ निवासी आनंदनगर चौराहा थाना थानेपुर जनपद गोण्डा उम्र 19 वर्ष,राकेश पुत्र ओमकारनाथ निवासी कोयला थाना हरदी उम्र 45 वर्ष ,प्रमोद पुत्र सुरेश निवासी छत्रपुरा मानपुर सीतापुर उम्र 25 वर्ष,महेंद्र पुत्र जगमोहन प्रसाद निवासी बख्शीपुरा थाना दरगाह शरीफ उम्र 40 वर्ष,निर्मला पत्नी बछराज निवासी सूफीपुरा थाना कोतवाली देहात उम्र 60 वर्ष,आदित्य नारायण द्विवेदी पुत्र नरसिंह नारायण निवासी मर्दानगर कंछर्ष थाना बिशेश्वरगंज उम्र 17 वर्ष शामिल रहे।

उपरोक्त घायलों में से पप्पू पुत्र जाबीर निवासी इमामगंज थानादरगाह शरीफ उम्र 42 वर्ष व सत्यदेव शर्मा पुत्र राजकुमार निवासी आनंदनगर चौराहा थाना धानेपुर जनपद गोण्डा उम्र 26 वर्ष को गंभीर रूप से घायल होने के कारण लखनऊ रेफ़र कर दिया गया है।

बस में कुल यात्रियों की संख्या बत्तीस से ऊपर बताई गई।शेष पंद्रह का इलाज जिला अस्पताल बहराइच में सुचारू रूप से चल रहा है।इनकी हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है। मौके पर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करते हुवे अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई।

# अंतरजनपदीय मोबाइल टावर गैंग के 5 सदस्य गिरफ्तार



सुलतानपुर। सुल्तानपुर की अखंडनगर पुलिस और एसओजी टीम ने मोबाइल टावरों से कीमती उपकरण चोरी करने वाले एक अंतरजनपदीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने बुधवार को इस मामले में पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से नकदी, अवैध हथियार और वारदात में इस्तेमाल की गई वैगनआर कार बरामद की गई है। इस सफलता के लिए पुलिस टीम को 25,000 रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

पुलिस पूछताछ में गिरोह के काम करने का तरीका सामने आया है। यह गिरोह मेरठ से संचालित होता था और पहले लखनऊ आकर रुकता था। सुबह के समय वे अपनी वैगनआर कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर विभिन्न जिलों में मोबाइल टावरों की रेकी करते थे। वे ऐसे टावरों को निशाना बनाते थे जहां सुरक्षा कम हो या कैमरे न लगे हों। रात के अंधेरे में ये चोर टावरों से अंजना डिवाइस (लगभग 7-8 किलोग्राम वजनी) और अन्य पैनल चोरी कर लेते थे। वारदात के बाद वे अपनी गाड़ी को हाईवे किनारे खड़ी करके सो जाते थे ताकि किसी को शक न हो। चोरी किए गए सामान को वे कार्टूनों में पैक करते थे और उन पर लगेज व फ़जाइल लिखकर कूरियर या अन्य माध्यमों से दिल्ली भेज देते थे। दिल्ली में उनके साथी सरफराज और अनस इन उपकरणों को प्राप्त करते थे और 20,000 से 40,000 रुपये प्रति डिवाइस के हिसाब से बेच देते थे। मुखबिर की सूचना पर अखंडनगर पुलिस और एसओजी टीम ने कुंदा भैरोपुर सर्विस लेन के पास घेराबंदी कर इन पांचों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गाजियाबाद निवासी सरफराज मलिक (19), मुजफ्फरनगर निवासी अंकित कुमार (29), मेरठ के सैफपुर करमचंदपुर निवासी सुहेल मलिक (25), आमिर मलिक (25) और मो. अयूब (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से 1,99,800 रुपये नकद, सरफराज के पास से .315 बोर का अवैध तमंचा व कारतूस, अंकित कुमार के पास से .312 बोर का अवैध तमंचा व कारतूस और वारदात में प्रयुक्त दिल्ली नंबर की वैगनआर कार बरामद की है।

# जीवन का उद्देश्य सिर्फ शादी नहीं, अपने हुनर को निखारें किशोरियां




बहराइच । किशोरियों में आत्मविश्वास (सेल्फ एस्टीम) और सकारात्मक शारीरिक छवि (पॉजिटिव बॉडी इमेज) विकसित करने के उद्देश्य से जनपद में एक दिवसीय जिला स्तरीय समागम का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम में चिलवरिया निवासी 17 वर्षीय पीयर एजुकेटर काजल ने बेबाकी से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि नशे की प्रवृत्ति के कारण परिवार, और विशेषकर लड़कियों की शिक्षा अधूरी रह जाती है। दहेज प्रथा पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि इसके कारण लड़कियों की वास्तविक योग्यता को नजरअंदाज कर दिया जाता है। काजल ने किशोरियों से अपील की कि वे सोशल मीडिया से ध्यान हटाकर अपनी पढ़ाई पर केंद्रित हों और समाज की अग्रिम पंक्ति तक पहुंचें, क्योंकि इसी से समाज और देश की प्रगति संभव है। वहीं, पीयर एजुकेटर आराधना ने सकारात्मक शारीरिक छवि पर जोर देते हुए कहा कि किशोरियों को अपने कद-काठी और रंग-रूप को लेकर हीनभावना रखने के बजाय अपने हुनर और गुणों को निखारना चाहिए, क्योंकि जीवन का उद्देश्य सिर्फ शादी करना नहीं है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने किशोरियों का उत्साहवर्धन किया। विदित हो कि यूनीसेफ के सहयोग से जिले के विभिन्न ब्लॉकों में 6,900 बच्चों को इन विषयों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया था। प्रशिक्षण के उपरांत समुदाय के बीच जाकर जागरूकता का उत्कृष्ट कार्य करने वाली 70 किशोरियों को इस समागम में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नवाबगंज, बलहा, जरवल, हुजूरपुर, चित्तौरा, महसी और विशेश्वरगंज समेत 7 ब्लॉकों से 70 किशोरियों और 29 आशा कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाल संरक्षण अधिकारी दिनेश कुमार, जिला स्वास्थ्य सूचना अधिकारी बृजेश सिंह और यूनीसेफ के मंडलीय बाल संरक्षण सलाहकार डॉ. अनिल कुमार द्विवेदी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के जिला सलाहकार राकेश गुप्ता ने किया।

# 31 अगस्त तक प्रजननशील मछलियों को मारना, पकड़ना और बेचना दण्डनीयःडीएम

बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा जारी निर्देश के अनुसार कोई भी व्यक्ति 01 जुलाई से 31 अगस्त तक न तो प्रजननशील मछलियों को न तो पकड़ेगा, न ही मारेगा और न ही बेचेगा, जब तक कि उसके पास मत्स्य विभाग द्वारा निर्गत वैध लाइसेंस न हो। इसके साथ 15 जुलाई से 30 सितम्बर 2020 तक मत्स्य जीरा अथवा अंगुलिका (2 से 10 इंच) आकार की मछली न तो पकड़ी जायेगी और नही बेची जायेगी। उल्लेखनीय है कि वर्षा ऋतु में भारतीय मेजर कार्प मछलियां कतला, रोहू, नैना एवं कारौच तथा विदेशी कार्प ग्रासकार्प, सिल्वर कार्प व कामन कार्प प्रजनन काल को देखते हुए इन मछलियों के सम्वर्धन एवं संरक्षण हेतु उ.प्र. मत्स्य अधिनियम 1948 एवं उ.प्र. मत्स्य विकास एवं नियंत्रण नियमावली 1954 के प्राविधानों को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

जिलाधिकारी त्रिपाठी द्वारा जारी आदेश उन सभी जलाशयों, नदियों की समस्त जल धाराओं पर प्रभावी होगा जो जनपद बहराइच की सीमा में है, और जिला मजिस्ट्रेट बहराइच द्वारा यथाविध व्यक्तिगत अथवा धार्मिक नहीं घोषित किए गये है। मछलियों के सम्वर्धन एवं संरक्षण हेतु कोई भी व्यक्ति विस्फोटक पदार्थ अथवा कृषि रक्षा एवं व्यापारिक कार्य में प्रयुक्त होने वाले विषैले रसायन से मछली नहीं मारेगा और न ही मारने का प्रयास करेगा और न ही निर्देशित क्षेत्र के प्राकृतिक बहाव को रोकने हेतु कोई अवरोध नही लगायेगा, और न ही ऐसा करके मत्स्य जीरा अंगुलिका और मछली पकडेगा अथवा नष्ट करेंगा और न ही पकड़ने अथवा नष्ट करने का प्रयास करेगा। आदेशों के उल्लंघन में लगाये गये अवरोधक सामग्रियों, पकड़े गये मत्स्य जीरा एवं मछली ज़ब्त कर ली जायेगी तथा यह कृत्य दण्डनीय होगा। डीएम ने बताया कि उपरोक्त आदेशों को कार्यान्वित करने हेतु पुलिस, राजस्व एवं मत्स्य विभाग उत्तरदायी होंगे।

# मदरसे की धनराशि गबन करने वाला आरोपी गिरफ्तार




आजमगढ़। आजमगढ़ में अवैध मदरसे के नाम पर शासकीय धनराशि के गबन के मामले में 25 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिले में मदरसा पोर्टल पर अपलोड मदरसे के सत्यापन के दौरान बड़ी संख्या में मदरसे मानक के विपरीत और अवैध पाए गए। SIT की जांच में अवैध और फर्जी पाए गए मदरसों द्वारा अनुदान के पैसे का गबन करने का मामला सामने आया है।। इस मामले में मदरसा प्रबंधक अनीश के विरुद्ध शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। फरार चल रहे आरोपों पर 25000 का इनाम भी घोषित किया गया था। जिले में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कोतवाली पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अनीश जो की जौनपुर का रहने वाला है कहीं फरार होने वाला है। इस सूचना पर आरोपी को शाहगंज रोडवेज के पास से हिरासत में ले लिया गया है। आरोपी को न्यायालय भेजा जा रहा है जहां से जेल रवाना किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा की प्रथम पाली में अनुपस्थित रहे 944 परीक्षार्थी

बहराइच । उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उ.प्र. पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती हेतु 08 से 10 जून 2026 तक दो पालियों में सम्पन्न होने वाली की लिखित परीक्षा-2025 के तीसरे दिन जनपद के 11 परीक्षा केन्द्रों पर प्रथम पाली में सम्पन्न हुई परीक्षा में कुल 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3280 रही जबकि 944 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3335 रही जबकि 889 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा केन्द्रवार बात की जाये तो प्रथम पाली की परीक्षा में परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 194, आज़ाद इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 302, राजकीय बालिका इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 294, राजकीय इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 302, राजकीय पॉलीटेक्निक आसाम रोड 384 के सापेक्ष 297, राजकीय पॉलीटेक्निक मोहम्मदनगर 240 के सापेक्ष 190, स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान पी.जी. कालेज 720 के सापेक्ष 540, महाराज सिंह इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 290, महिला पी.जी. कालेज 480 के सापेक्ष 378, तारा महिला इण्टर कालेज 240 के सापेक्ष 196, वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 297 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3280 रही जबकि 944 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

इसी प्रकार द्वितीय पाली की परीक्षा में परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 185, आज़ाद इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 309, राजकीय बालिका इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 290, राजकीय इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 297, राजकीय पॉलीटेक्निक 384 के सापेक्ष 304, राजकीय पॉलीटेक्निक मोहम्मदनगर 240 के सापेक्ष 185, स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान पी.जी. कालेज 720 के सापेक्ष 579, महाराज सिंह इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 294, महिला पी.जी. कालेज 480 के सापेक्ष 379, तारा महिला इण्टर कालेज 240 के सापेक्ष 201, वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 312 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार द्वितीय पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3335 रही जबकि 889 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने मनाया सेवा संकल्प दिवस

सुलतानपुर। सुलतानपुर में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने बुधवार को सेवा संकल्प दिवस मनाया। यह दिन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मंत्री संदीप बंसल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश की सभी जिला इकाइयाँ इस दिन को भव्य रूप से मनाती हैं, जिसमें जरूरतमंदों और असहाय लोगों को फल और शरबत वितरित किए जाते हैं।

इसी कड़ी में, सुलतानपुर जनपद में प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय के नेतृत्व में सेवा संकल्प दिवस और बड़े मंगल के अवसर पर शरबत वितरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं और जरूरतमंद लोगों ने शरबत ग्रहण किया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर टीम और जिला युवा टीम के सहयोग से संपन्न हुआ।

इसे सफल बनाने में जिला प्रभारी परविंद्र भालोठिया, जिला संरक्षक अजय जायसवाल, जिला संगठन महामंत्री अमरचंद साहू, जिला मंत्री सुनील सिंह, जिला संगठन मंत्री धर्मेंद्र सिंह, नगर महामंत्री राजेश श्रीवास्तव, जिला युवा अध्यक्ष श्याम सुंदर कसौधन, युवा नगर अध्यक्ष भोलानाथ सोनी, बजरंगी साहू, यश जायसवाल, अमनमोहन श्रीवास्तव, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पूनम अग्रहरि, गीता शर्मा, विकासवती श्रीवास्तव, सुनीता टंडन, आरती शर्मा, गीता गुप्ता और अमरेश कुमारी यादव सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# सिपाही भर्ती परीक्षा का डीसीपी वेस्ट ने सुरक्षा जांची

कानपुर । उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा-2025 को पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सक्रिय है। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) एस.एम. कासिम आबिदी ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। डीसीपी वेस्ट एस.एम. कासिम आबिदी ने रावतपुर स्थित रामलला इंटर कॉलेज और कल्याणपुर स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज का दौरा किया। उन्होंने अभ्यर्थियों के प्रवेश, सघन चेकिंग प्रक्रिया, सीसीटीवी कंट्रोल रूम और परीक्षा कक्षों की सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से जांच की। इस दौरान उन्होंने ऑन-ड्यूटी तैनात पुलिस बल को अत्यधिक सतर्क रहने और हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने के निर्देश दिए। डीसीपी वेस्ट ने केंद्र व्यवस्थापकों और उपस्थित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक भी की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और नकलविहीन संपन्न कराया जाए। डीसीपी ने जोर देकर कहा कि सभी व्यवस्थाएं शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि परीक्षा की शुचिता से समझौता करने वाले किसी भी तत्व को बख्शा नहीं जाएगा। इस निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के संबंधित प्रशासनिक अधिकारी, सर्किल ऑफिसर और बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# बीएससी नर्सिंग छात्र- छात्राओं ने टीकाकरण के प्रति महिलाओं को किया जागरूक




बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) महसी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे एसकेएस कॉलेज सबलापुर के बीएससी नर्सिंग सातवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को महसी प्राथमिक विद्यालय स्थित आंगनबाड़ी टीकाकरण केंद्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने टीकाकरण कार्यक्रम का अवलोकन करते हुए महिलाओं और अभिभावकों को नियमित टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक किया।छात्रों ने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के अभिभावकों को बताया कि समय पर लगने वाले टीके विभिन्न गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। उन्होंने लोगों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित टीकाकरण कार्यक्रमों का लाभ उठाने तथा निर्धारित समय पर बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया।प्रशिक्षण के दौरान छात्रों ने स्वास्थ्य कर्मियों से टीकाकरण प्रक्रिया, वैक्सीन प्रबंधन और लाभार्थियों के पंजीकरण संबंधी जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर केंद्र पर मौजूद महिलाओं को स्वच्छता, पोषण एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने छात्रों के इस जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है और टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने में मदद मिलती है। कार्यक्रम में बीएससी नर्सिंग सातवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं में हर्ष गुप्ता, रिया सैनी, मीनाक्षी वर्मा, वैदवी गुप्ता, ज्योति आर्या,विनीता वर्मा व शालिनी वर्मा आदि शामिल रहीं।

संस्थापक सम्पादक-स्व.कैलाशनाथ
तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि.के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा,मुद्रक एवं सम्पादक-आदर्श कुमार
* स्थानीय सम्पादक-राजेन्द्र प्रसाद यादव
तरुणमित्र के लिए योगेन्द्र विश्वकर्मा इण्डियन एक्सप्रेस सी.-26 अमौसी इण्डिस्ट्रियल एरिया लखनऊ से मुद्रित एवं बड़ी देवकाली मंदिर के बगल बेनीगंज रोड, अयोध्या (उ.प्र.) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं.-55856/90
फोन नं.- 05278-363073
मो.नं. : 9451922445
ई-मेल- tarunmitra@rediffmail.com, tarunmitrafaizabad@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तर दायी एवं उत्पन्न समस्त विवाद फैजाबाद न्यायालय के अधीन ही होगें।

# राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न



बहराइच। बंजारी मोड़ स्थित राधा कृष्ण पैलेस में राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा का एक दिवसीय विशाल जिला कार्यकर्ता सम्मेलन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री ने दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष के बहराइच आगमन पर जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने फूल-माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महेंद्र नाथ तिवारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को धार्मिक ग्रंथ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री ने संगठन विस्तार और जनसंपर्क को प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के 54 जिलों में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। साथ ही सम्मेलन के दौरान 11 अन्य जिलों में नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा भी की गई। राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा नवनियुक्त कार्यसमिति तथा ब्लॉक समिति के पदाधिकारियों का स्वागत कर उन्हें संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपी गईं। संगठन को गांव स्तर तक सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए प्रत्येक गांव में प्रहरी सेवक नियुक्त करने की घोषणा की गई। पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि सामान्य वर्ग के बच्चों के अधिकारों की रक्षा एवं समाज को संगठित करने के उद्देश्य से 15 जुलाई से 15 अगस्त तक राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को पार्टी की नीतियों और उद्देश्यों से अवगत कराते हुए सदस्य बनाएंगे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि समाज को सकारात्मक परिवर्तन की आवश्यकता है और राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# जीएनएम छात्राओं ने मरीजों को दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी



बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमपुरवा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही एसकेएस कालेज सबलापुर की जीएनएम छात्राओं ने मरीजों और उनके परिजनों को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की। छात्राओं ने अस्पताल पहुंचे लोगों को स्वच्छता, संतुलित आहार, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, संक्रामक रोगों से बचाव तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जागरूक किया। प्रशिक्षण के दौरान छात्रा जोगी सिंह, श्रेया सोनी, शहीन अंसारी एवं अर्चना देवी ने लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य विषयों पर जानकारी देते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने हाथ धोने की सही विधि, मौसमी बीमारियों से बचाव तथा टीकाकरण के महत्व के बारे में भी बताया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन अनुराधा के निर्देशन में किया गया। स्वास्थ्य केंद्र में आए मरीजों और तीमारदारों ने छात्राओं द्वारा दी गई स्वास्थ्य संबंधी जानकारी की सराहना की। इस दौरान लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और समय-समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया गया।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मो0 अनीस को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता-**
**पीर मोहम्मद पुत्र स्व0 छोटी ग्राम मोअज्जमपुर, थाना बड्डूपुर, जिला बाराबंकी।**

# बालिका सशक्तिकरण अभियान की बालिकाओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति से जीता सभी का दिल




**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा द्वारा आयोजित बालिका सशक्तीकरण अभियान (त्रश्वरू)-2026 के अंतर्गत सरगम सभागार में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे जेम बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आकर्षक एवं मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिनकी उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों ने मुक्त कंठ से सराहना की।

कार्यक्रम में संयुक्ता महिला समिति की वरिष्ठ सदस्याएं मीनाक्षी श्रीवास्तव एवं आभा जाडली विशेष रूप से उपस्थित रहीं और बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बालिकाओं को शिक्षा, आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर जेम प्रतिभागियों को किट वितरण किया गया तथा उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सोलर स्टडी लैम्प भी प्रदान किए गए। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना तथा ऊर्जा संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति जागरूक बनाना है।

कार्यक्रम में एनटीपीसी टांडा के कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा, गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती संघमित्रा परिदा, विभागाध्यक्ष गण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं अभिभावक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने बालिकाओं की प्रतिभा, आत्म विश्वास एवं उत्साह की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।एनटीपीसी टांडा एवं गरिमा महिला मंडल द्वारा बालिका शिक्षा, सशक्तीकरण एवं सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बने मोदी, कार्यकर्ताओं ने हवन-पूजन कर दी बधाई

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 10 जून को उनके कार्यकाल के 4399 दिन पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर अयोध्या में हवन-पूजन का आयोजन कर प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं दी गईं।

वासुदेव घाट स्थित पंचमुखी महादेव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह एवं उनके प्रतिनिधि आलोक सिंह मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन संपन्न हुआ तथा देश की समृद्धि, विकास और जनकल्याण की कामना की गई। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भी सहभागिता की।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है।



उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास के कारण मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं और यह उपलब्धि लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनके प्रति जनसमर्थन को दर्शाती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। 10 जून 2026 को उनके लगातार कार्यकाल के 4399 दिन पूरे हो गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के नाम था, जो पहले आम चुनाव के बाद लगातार 4398 दिनों तक इस पद पर रहे थे।

कार्यक्रम का संयोजन महामंत्री परमानंद मिश्र ने किया। मौके पर महानगर महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, उपाध्यक्ष तिलकराम मौर्या, रवि शर्मा, शशि प्रताप सिंह, मंत्री शिवम् शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मुकेश तिवारी, प्रदीप यादव, रामजस मांझी, राजेश मिश्र, रामभजन वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अफवाह फैलाने वाले व्यक्ति पर होगीकड़ी कार्रवाई : नगर कोतवाल

**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** आगामी मोहर्रम के त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को को कोतवाली नगर परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सदर प्रतीक्षा सिंह एवं सीओ सिटी नितीश तिवारी ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम प्रतीक्षा सिंह ने कहा कि मोहर्रम गम और श्रद्धा का महीना है। सभी ताजियेदारों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे मोहर्रम को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ संपन्न कराने में प्रशासन का पूरा सहयोग करें। उन्होंने लोगों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैलने वाली किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने की सख्त अपील की ।

सीओ सिटी नितीश तिवारी नगर कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि



मोहर्रम के दौरान सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम रहेंगे। पर्व में खलल डालने वाले अराजक एवं असामाजिक तत्वों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही जुलूस मार्गों का भौतिक निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। साथ ही मार्ग में आने वाले ढीले बिजली के तारों व अन्य समस्याओं की जानकारी लेकर उनका समय रहते निस्तारण कराया जाएगा, ताकि जुलूस के दौरान कोई दुर्घटना न हो इस दौरान अंत में शहर कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बैठे हुए मौजूद लोगों से अपील की शांति व्यवस्था बनाए रखें यदि किसी को समस्या हो तत्काल हमको अवगत करायें।

बैठक में मुख्य रूप से शहर कोतवाल संतोष कुमार सिंह वरिष्ठ उपनिरीक्षक अमरनाथयादव चौकी प्रभारी शहजादपुर ब्रह्मम प्रकाश श्रीवास्तव उपनिरीक्षक राकेश खरवार उपनिरीक्षक नागेंद्र सिंह चौकी प्रभारी सिविल लाइन अजय त्रिपाठी चौकी पर कस्बा समेत क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिक एवं ताजियेदार मौजूद रहे।

# चंद्रदर्शन के अनुसार होगा मुहर्रम माह का आगाज

## अंजुमन अकबरिया के अध्यक्ष ने प्रशासन से मूलभूत सुविधाओं के व्यापक इंतजाम की मांग की

**अम्बेडकरनगर।** आगामी 17 अथवा 18 जून से चंद्र दर्शन के अनुसार मुहर्रम माह का आगाज़ होने जा रहा है। मुहर्रम की पहली तारीख़ से दसवीं तारीख़ तक नगर में प्रतिदिन जुलूस एवं मजलिसों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में अंजुमन अकबरिया रजिस्टर्ड के अध्यक्ष रेहान ज़ैदी ने जिला प्रशासन से साफ-सफाई, पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, एंबुलेंस, जुलूस मार्गों की मरम्मत, ट्रैफिक व्यवस्था एवं सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए जाने की मांग की है।

अंजुमन की ओर से बताया गया कि मुहर्रम के दौरान प्रतिदिन विभिन्न स्थानों से जुलूस निकाले जाते हैं तथा मजलिसों का आयोजन होता है। पहली मुहर्रम का जुलूस पेवाड़ा स्थित पक्का चौक से शौकत अली की देखरेख में रात्रि लगभग 10 बजे निकाला जाएगा।

दूसरे मुहर्रम को पूर्वांचल का ऐतिहासिक जुलूस वरूद-ए-कर्बला बड़ा इमामबाड़ा से रात्रि लगभग 10 बजे उठेगा, जिसमें स्थानीय अंजुमनों के साथ बाहरी अंजुमनें भी नौहा व मातम करेंगी। यह जुलूस ऊंट पर अमारियों एवं लगभग एक दर्जन दुलदुल के साथ निकाला जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल होते हैं। जुलूस अपने पारंपरिक मार्गों से होता हुआ तीसरी मुहर्रम की सुबह कर्बला पहुंचकर समाप्त होगा।

तीसरे मुहर्रम को गंगा सिंह के ताजिए के नाम से प्रसिद्ध जुलूस मकतब इमामिया ज़ाफरिया से निकाला जाएगा। चौथी मुहर्रम को बड़े इमामबाड़ा से अलम का जुलूस निकलेगा, जबकि छठी मुहर्रम को करार हुसैन की देखरेख में जुलूस उठेगा।

सातवीं मुहर्रम को बड़ा इमामबाड़ा एवं पक्का चौक से ऐतिहासिक दुलदुल जुलूस निकाला जाएगा, सातवीं मुहर्रम का दूसरा जुलूस रात्रि लगभग 2 बजे बड़े इमामबाड़ा से निकलेगा, जो अपने पारंपरिक मार्गों से होता हुआ शहजादपुर चौक तक जाएगा। वहां से हजारों अकीदतमंदों के साथ नौहा व मातम करते हुए वापस फौव्वारा तिराहा पुरानी तहसील तिराहा होता हुआ दिन में लगभग 11 बजे बड़े इमामबाड़ा आकर समाप्त होगा।

आठवीं मुहर्रम का दुलदुल जुलूस दिन में लगभग 2 बजे मीरानपुर स्थित पक्का चौक से उठेगा, जो अपने पारंपरिक मार्गों से होता हुआ लोरपुर ताजन तक जाएगा देर रात यह जुलूस वापस मीरानपुर पहुंचकर समाप्त होगा।

नौवीं मुहर्रम की रात लगभग 11 बजे आसिफ अली उर्फ गड्डू के आवास से जुलूस निकाला जाएगा, जो अपने पारंपरिक मार्गों से होता हुआ देर रात बड़े इमामबाड़ा पहुंचकर समाप्त होगा। इसी रात नगर के सभी इमाम चौक, इमामबाड़ों एवं अजाखानों में ताज़िए रखे जाते हैं, जहां पूरी रात अकीदतमंद ज़ियारत करते हैं तथा मजलिस, नौहाखानी और मातम का सिलसिला जारी रहता है।

दसवीं मुहर्रम यानी यौमे आशूरा पर मुख्य ताजिया जुलूस पक्का चौक से निकाला जाएगा, जो अपने पारंपरिक मार्गों से होता हुआ कर्बला पहुंचेगा, जहां ताजियों को सुपुर्द-ए-ख़ाक किया जाएगा। इसके उपरांत शाम-ए-गरीबां की मजलिसों का आयोजन किया जाएगा।

अंजुमन अकबरिया रजिस्टर्ड ने प्रशासन से अपील की है कि मुहर्रम के दौरान सभी जुलूस मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए, ताकि अकीदतमंदों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# अपराध की रोकथाम हेतु चलाये गये अभियान में विभिन्न थानों पर हुई कार्यवाही



**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़/गिरफ्तारी वांछित/वारण्टी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र में कार्यवाही की गई।

थाना जलालपुर थाना जलालपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत क्रमशः बाद संख्या 14455/23 व मु0अ0स0 115/23 धारा 323/54/506/427/147/452 भादवि से सम्बंधित बारण्टी अभियुक्त जिलाजीत पुत्र जगदेव सोनू उर्फ विकास यादव पुत्र जिलाजीत यादव निवासीगण रूकूनपुर कासिमपुर थाना जलालपुर जनपद अ0नगर तथा वाद संख्या 7280/20 व मु0अ0स0 22/16 धारा 498ए /323/504/506 भादवि ङ डी0पी0 एक्ट से सम्बंधित वारण्टी अभियुक्त 3.सन्तोष पुत्र स्व0 रामकुमार निवासी चकौरा थाना जलालपुर जनपद अ0नगर तथा 4. वाद संख्या 6219/21 व मु0अ0स0 1230/10 धारा 323/504/506 भादवि से सम्बंधित वारण्टी अभियुक्त महेन्द्र पुत्र कोमल निवासी चकौरा थाना जलालपुर जनपद अ0नगर को उनके निवास स्थान से गिरफ्तार किया गया।

इसी क्रम में जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) हरेन्द्र कुमार के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण एवं तलाश वांछित अपराधियो की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में क्षेत्राधिकारी नगर नितीश कुमार तिवारी के पर्यवेक्षण मे दिनांक 10.06.2026 को थाना को0 अकबरपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर मीरपुर शेखपुर गाँव से पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गई पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम शिवम पुत्र सुरेन्द्र विश्वकर्मा उम्र करीब 24 वर्ष नि0 ग्राम मीरपुर शेखपुर थाना को0 अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर बताया जिसके पास से एक अदद चाकू लोहे का बरामद हुआ अग्रिम कार्यवाही करते हुए जुर्म व धारा से अवगत कराते हुए वाजाफ्ता वाकायदा समय करीब 03.15 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया उपरोक्त बरामदगी के संबंध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 363/26 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया । अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

# सुंदरकांड के उपरांत भंडारे का आयोजन



**रानी बाजार, अयोध्या।** क्षेत्र में छठे मंगलवार को अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बाल्डी बाबा ब्रह्मस्थान हनुमान मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसके आयोजक संतोष पाठक रहे ,मारुति नंदन हनुमान मंदिर रानी बाजार मे छोले चावल का भंडारा हुआ, राजकुमार जायसवाल की अगुवाई में शरबत का वितरण श्रद्धालुओं को किया गया भंडारे में विजय कुमार कसौधन, हरिनाथ चौहान ,विष्णु जायसवाल ,राहुल जायसवाल, राम लखन सोनी, डॉ विश्वास, कृष्ण पाल मोदनवाल के अतिरिक्त सैकड़ो श्रद्धालु भंडारे में उपस्थित रहे।

## अभी लू से राहत मिलने की संभावना नहीं

**अयोध्या।** आचार्य नरेन्द्रदेव कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्व विद्यालय कुमारगंज के मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है। हवा सामान्य गति से पश्चिमी/पूर्वी चलने एवं औसत तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है, जिससे अभी भी उष्ण लू से राहत मिलने की संभावना नहीं है। श्री मिश्र के अनुसार बुद्धवार का अधिकतम तापमान 39.0 डिग्री जो सामान्य से 0.7 डिग्री अधिक रहा जबकि न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री यह भी सामान्य से 2.3 डिग्री अधिक रहा। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 79 व न्यूनतम 45 प्रतिशत रही। 4.0 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तरी-पूर्वी दिशा से हवाएं चली।

# नारायण फाउंडेशन ने कराई पुलिस भर्ती परीक्षार्थियों के नि :शुल्क रहने-खाने व आने-जाने की व्यवस्था

## तीन दिन में विभिन्न ज़िलों के सैकड़ों परीक्षार्थियों ने उठाया नारायण फ़ाउंडेशन की सुविधा का लाभ

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षि नागरिक एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 की परीक्षा मे दूर दराज दर्ज से अमबेडकर नगर की केंद्रों पर पहुंचने वाले परीक्षार्थीयों को भाजपा नेता व उत्तर प्रदेश की अग्रणी समाजसेवी संस्था नारायण फ़ाउंडेशन के संरक्षक व विवेक मौर्य द्वारा उनके लिए श्री मौर्य ने बताया कि पहुंचने वाले परीक्षार्थीयों को नि:शुल्क आवास, भोजन और विश्राम व आवागमन की व्यवस्था दी गई । जिसकी सराहना भी आगंतुकों ने की।

उन्होंने बताया की यह व्यवस्था दयानंद मौर्य के मौर्या स्टेट मैरिज लॉन, मौर्य नगर, पुंथर, टांडा में की गई। विवेक मौर्य द्वारा इस पहल का



उद्देश्य था कि परीक्षार्थी परीक्षा से पहले पूरी तरह तनावमुक्त रहें तथा बाहरी ज़िलों से आये छात्रों को रुकने, खाने, आवागमन या अन्य असुविधाओं की चिंता न करनी पड़े। परीक्षार्थियों मेंगोरखपुर व बाराबंकी सहित अन्य जिलों के महिला पुलिस परीक्षार्थीयों ने संस्था का लाभ उठाया।

# चेन स्नैचिंग में तीन अभियुक्त गिरफ्तार, 21,000 बरामद

सिकंदरपुर अंबेडकरनगर। जनपद अम्बेडकरनगर में पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) हरेन्द्र कुमार के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर नितीश कुमार तिवारी के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अकबरपुर संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में कोतवाली अकबरपुर पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

उपनिरीक्षक राम प्रताप वर्मा मय पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण एवं वांछित अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि थाना कोतवाली अकबरपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-362/2026 धारा 309(2)/ 317(2) बीएनएस से संबंधित तीन अभियुक्त



एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर पहितीपुर-अन्नावा मार्ग स्थित रिडचीनगर मोड़ के पास खड़े हैं तथा कहीं जाने की फिराक में हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई तथा तीनों अभियुक्तों को बिना कोई अवसर दिए गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से कुल 21,000 नकद बरामद हुए। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि दिनांक 08.06.2026 को शाम लगभग 07.30 बजे पहितीपुर-बन्दनडीह मार्ग पर स्कूटी से जा रही महिलाओं से सोने की चेन छीन ली थी। छीनी गई चेन को उन्होंने कम कीमत पर राह चलते एक व्यक्ति को बेच दिया था तथा प्राप्त धनराशि को आपस में बांट लिया था। बरामद नकदी उसी चेन बिक्री की धनराशि है।

# युवक पर जानलेवा हमले का आरोप, कार्यवाही की मांग

**आलापुर (अम्बेडकरनगर)।** थाना क्षेत्र राजेसुल्तानपुर के कम्हरिया गांव निवासी सुक्खु कन्नौजिया ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही कुछ लोगों पर मारपीट और जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि विपक्षियों ने लाठी-डंण्डों और धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी भी दी। प्रार्थना पत्र के अनुसार, घटना 8 जून की सुबह लगभग 9 बजे की बताई गई है। पीड़ित का आरोप है कि वह अपने कार्य में व्यस्त था, तभी गांव के कुछ लोग एकजुट होकर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने मारपीट शुरू कर दिया । हमले में उसे गंभीर चोटें आई जिसके बाद स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से उसकी जान बच सकी।



पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि हमलावरों ने उसे भविष्य में भी नुकसान पहुंचाने की धमकी दी है। घटना के बाद उसने पुलिस को लिखित शिकायत देकर दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्यवाही की मांग की है। वहीं, मामले को लेकर पुलिस का कहना है कि प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# कृषि तकनीकी जानकारी किसानों को दी गई

**रानी बाजार, अयोध्या।** कृषि विभाग द्वारा आयोजित खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत ब्लॉक मसौधा के क्षेत्र ग्राम सभा सिडहिर नरसिंहपुर में बुधवार को ग्राम प्रधान मोहम्मद नईम की अगुवाई में सखी केंद्र पर गांव में जन जागरूकता अभियान के तहत किसानों को कृषि योजनाओं और आधुनिक खेती की तकनीक से अवगत कराया गया कृषि विभाग लखनऊ के कृषि वैज्ञानिक शैलेश कुमार ने किसानों से उन्नत कृषि तकनीकी को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने का आवाहन किया तथा बताया कि प्राकृतिक खेती और उर्वरक के संतुलित उपयोग पर जानकारी दी तथा किसानों को बताया कि जैविक खाद से नाता जोड़ो रासायनिक खाद से नाता तोड़ो उत्पादन बढ़ाओ आमदनी 2 गुना होगी फसलों के अच्छे उत्पादन के लिए बीज शोधन की उपयोगिता को उपस्थित किसानों को विस्तार से बताया कि बीज शोधन के लिए 5




ग्राम ट्राईकोडरमा प्रति किलोग्राम बीज के लिए पर्याप्त होता है कार्यक्रम के अंत में उपस्थित किसानों को ट्राइकोडर्मा को बीज शोधन के लिए उपलब्ध कराया गया तथा किसानों को शपथ दिलाई गई कि हम रासायनिक खाद का प्रयोग कम करेंगे जैविक खाद का प्रयोग अधिक करेंगे तथा खेत की मिट्टी में पाए जाने वाले मित्र कीटों की रक्षा करेंगे अत्यधिक गर्मी व प्रचार प्रसार की कमी से किसानो की उपस्थिति कम रही कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र मसौधा के विद्यासागर, गन्ना विभाग के तुलसीराम यादव, तकनीकी सहायक दीपांकर सिंह ,कृषि विभाग सहायक विकास अधिकारी मसौधा सुभाष चंद्र शुक्ला उपस्थित रहे किसान गोष्ठी में क्षेत्र के किसान दुर्गा प्रसाद यादव, रामफल, अजय रावत ,सौरभ कुमार, गीता देवी ,सुनीता ,यशोदा देवी के अतिरिक्त दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

तरुणमित्र
गुरुवार, 11 जून 2026
संवत- 2083, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष.- 11

# कंगाल होता ग्रामीण

भारत की 140 करोड़ की विशाल आबादी को यदि हम आर्थिक चश्मे से देखें, तो यह व्यवस्था मुख्य रूप से चार श्रेणियों के एक पिरामिड में बंटी हुई नजर आती है। इस पिरामिड के सबसे निचले और सबसे बड़े आधार में देश के 6 लाख गांवों में निवास करने वाले वे 10 करोड़ ग्रामीण परिवार आते हैं, जिनकी आजीविका पूरी तरह से कृषि और पशुपालन पर निर्भर है। इसके ठीक ऊपर दूसरी श्रेणी है- कस्बों और छोटे शहरों में फैले 7 करोड़ सूक्ष्म (माइक्रो) उद्योगों की। गली-मोहल्ले की किराने की दुकानें, अचार-पापड़-डेयरी का घरेलू व्यापार करने वाले, ऑटो-टेम्पो व ई-रिक्शा चालक, चाय की थड़ियां, ढाबे वाले, छोटे मरम्मत कर्ता और रेहड़ी-पटरी वाले इसी अर्थव्यवस्था का हिस्सा हैं। तीसरी श्रेणी अब 7 लाख छोटे और मध्यम कारोबारियों की है, जो बाजार की असली धड़कन हैं। इनमें राजकोट के नमकीन निर्माता, भावनगर के लहसुन-प्याज व्यापारी, सूरत, भीलवाड़ा और वाराणसी के कपड़ा ट्रेडर व निर्माता, पुणे, गुरुग्राम और चेन्नई के ऑटो-पार्ट्स हब से लेकर ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स कंपनियां शामिल हैं। अंत में, पिरामिड के शीर्ष पर आती है चौथी श्रेणी- वे 7000 बड़े कॉर्पोरेट उद्योग और घराने, जो महानगरों से संचालित होकर देश के लिए बड़े पैमाने पर स्टील, गाड़ियां, ब्रांडेड कपड़े, दवाइयां और एफएमसीजी उत्पाद बना रहे हैं। आज देश के सामने सबसे बड़ा यक्ष प्रश्न इस पिरामिड के आधार यानी ग्रामीण परिवारों की आय का है। आज भारत की इस सबसे निचली श्रेणी की औसत आय मात्र 60,000 से 70,000 रुपए सालाना है, यानी बमुश्किल 5,000 से 6,000 रुपए महीना। इसके विपरीत, हमारे पड़ोसी और आर्थिक प्रतिद्वंद्वी चीन में एक ग्रामीण परिवार की औसत आय 2 से 3 लाख रुपए सालाना है। आय की इस भारी खाई ने दोनों देशों के घरेलू बाजारों के परिदृश्य को पूरी तरह से बदलकर रख दिया है। इसे इन जमीनी आंकड़ों से समझिए- भारत में एक ग्रामीण परिवार प्रतिमाह औसतन 4,000-5,000 रुपए खर्च कर पाता है, जबकि चीन में यह खपत 20,000 रुपए प्रतिमाह के करीब है। चीन के लगभग 40 फीसदी घरों में आज चौपहिया गाड़ियां हैं, जबकि भारत में यह आंकड़ा बमुश्किल 5 फीसदी तक सिमटा हुआ है।

चीन के 75 फीसदी घरों में दोपहिया वाहन हैं, वहीं भारत में आज भी केवल एक-तिहाई (33 फीसदी) घरों में ही दू-व्हीलर पहुंच पाए हैं। चीन का फर्नीचर (लकड़ी) बाजार भारत की तुलना में 3 गुना, कपड़ा बाजार 5 गुना और घरेलू बर्तनों व उपकरणों का बाजार 2 से 3 गुना बड़ा है। कड़वा सच यह है कि प्रति व्यक्ति आय और क्रय शक्ति के मामले में आज भारत का जो स्तर है, चीन उस मुकाम पर 2005 में ही पहुंच चुका था। यानी खपत और आमदनी के मामले में हमारे गांव चीन से 10-15 साल पीछे चल रहे हैं। जब 10 करोड़ ग्रामीण परिवारों की जेब में पैसा नहीं होगा, तो बाजार में मांग कहां से पैदा होगी? फलस्वरूप, आज देश के 7 लाख मध्यम वर्गीय कारोबारी और 7000 बड़े उद्योग इस कुचक्र में फंस गए हैं कि देश में घरेलू मांग का भारी अभाव है। बड़े औद्योगिक घरानों की फैक्ट्रियां आज अपनी कुल क्षमता के मात्र 70 फीसदी स्तर पर ही काम कर रही हैं। मांग न होने के कारण ये घराने अपनी उपलब्ध पूंजी का इस्तेमाल नए निवेश या कारोबार के विस्तार में नहीं कर पा रहे हैं। इसका जीता-जागता और दुखद उदाहरण हाल ही में सूरत की कपड़ा इंडस्ट्री में देखने को मिला। बढ़ती उत्पादन लागत और गिरती बाजार मांग के बीच, तैयार माल के भाव को गिरने से रोकने के लिए सूरत की मिलों को सप्ताह में दो-दो दिन अपनी फैक्ट्रियां बंद रखने का फैसला लेना पड़ा।

## ...आज का दिन...

**मेष**- आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम, साहसिक प्रगति का प्रयास असफल, शत्रु हानि पहुँचाने हेतु प्रयत्नशील, नवसमस्याएँ उपस्थित, वाहन से चोट-चपेट भी संभव।

**वृषभ**- व्यापार में धन निवेश, अधूरे कार्यों की पूर्ति हेतु स्वजनों से सहयोग, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, दाम्पत्य जीवन मधुर, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर।

**मिथुन**- पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, आय के नवीन स्त्रोत, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, भौतिक सुख के निमित्त अधिक व्यय, इच्छित योजना का सुपरिणाम।

**कर्क**- विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, पुरातन विवाद का निर्णय पक्ष में होने से खुशी, किसी के माध्यम से व्यक्तिगत जीवन में नवीन उपलब्धि।

**सिंह**- परिस्थितियों में व्यतिक्रम, स्वास्थ्य विपरीत, लापरवाही से नुकसान, विरोधियों का वर्चस्व, पारस्परिक सम्बन्धों में कटुता, मानसिक बेचैनी, अपव्यय भी।

**कन्या**- नवीन योजना का श्रीगणेश, इच्छाशक्ति का विकास, व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण घटना घटित, अकल्पित लाभ, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग।

**तुला**- स्वविवेक से किया गया कार्य सफल, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क का सुयोग, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, आपसी समझदारी से तनाव में कमी, भौतिक सुख में वृद्धि।

**वृश्चिक**- कार्य व्यवसाय में उन्नति का अवसर, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता, दूसरों के आश्वासनों स मानसिक राहत, यात्रा सुखद।

**धनु**- विशेष प्रयास के बावजूद आंशिक सफलता, व्यापारिक हानि, उत्तरदायित्व की पूर्ति में बाधा, आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति, जीवनसाथी से कष्ट, यात्रा निष्फल।


**मकर**- विविध पक्षों में अनुकूलता, नवयोजना का श्रीगणेश, सद्विचारों का उदय, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, नवसम्पर्क उपयोगी, अकल्पित लाभ।

**कुम्भ**- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, सुसंदेश से परिवार में हर्षोल्लास, परोपकार की भावना जागृत, मनोरंजन में रुचि।

**मीन**- कार्य व्यवसाय में नवपरिवर्तन, जिम्मेदारियों को निभाने में व्यय, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए प्रयत्नशील, आपसी सलाह से कामयाबी, शत्रु परास्त।

-: श्री विमल जैन :-
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

# रोजगार दिलाने के बहाने ठग रहे हैं गिरोहबंद जालसाज



- मनोज कुमार अग्रवाल -

आजकल ठग बेरोजगार युवाओं को निशाना बनाने के लिए सोशल मीडिया, व्हाट्सएप और फर्जी वेबसाइटों का सहारा ले रहे हैं। एक ओर देश में बेरोजगारी की समस्या गंभीर होती जा रही है और केंद्र तथा राज्य सरकारों द्वारा रोजगार के नए अवसर सृजित करने के दावे खोखले सिद्ध हो रहे हैं। इसीलिए देश के विभिन्न राज्यों से युवा पलायन करके रोजगार की तलाश में दूसरे देशों को जा रहे हैं और जो विदेश जाने का जुगाड़ नहीं कर पाते उनमें से अनेक नौकरी दिलाने का लालच देकर ठगने वाले गिरोहों का शिकार बन रहे हैं। कई बार देश विदेश तक फैले जालसाजों के गिरोह भोले भाले युवाओं को रोजगार दिलाने का झांसा देकर विदेश भेज देते हैं वहां पहुंचने पर पता चलता है कि ठगे गए लेकिन समझौता करना पड़ता है और बेहद निम्न स्तरीय काम रोजगार कर विदेश से लौटने के लिए कई कई साल वहां फंसकर रह जाते हैं।

ठगी के कुछ मुख्य प्रचलित तरीके पंजीकरण शुल्क नौकरी शुरू करने या इंटरव्यू के नाम पर एडवांस पैसों की मांग करना.फर्जी जॉइनिंग लेटर बड़ी कंपनियों या सरकारी विभागों के नकली सील-सिक्के वाले पत्र थमाना.वर्क फ्रॉम होम / पार्ट-टाइम टास्क "घर बैठे लाइक करें या वीडियो देखें" जैसे काम देकर शुरू में थोड़ा फायदा दिखाना और बाद में बड़ी रकम निवेश कराकर ठग लेना। आए दिन इस तरह की वारदातों की झड़ी लगी है युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगी का शिकार बन जाने पर तमाम कैरियर चौपट हो जाता है परिवार की जमा पूंजी ठग लेकर रफूचक्कर हो जाते हैं इस तरह बेरोजगारों पर दोहरी मार पड़ जाती है। कुछ वारदातों से समझने का प्रयास करें।

आपको बता दें कि 2 जनवरी को 'अनूपशहर' (उत्तर प्रदेश) के एक युवक 'अंकित कुमार' को गृह मंत्रालय में डाटा एंट्री आप्रेटर की नौकरी दिलाने का लालच देकर उससे 16 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में दिल्ली की एक महिला के विरुद्ध केस दर्ज किया गया। 1 मार्च को 'नोएडा' (उत्तर प्रदेश) में विदेश में ऊंची सैलरी वाली नौकरी दिलवाने का लालच देकर 100 से अधिक लोगों से लगभग 70 लाख रुपयों की ठगी करने वाले 2 जालसाजों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। 13 मार्च को 'गुरुग्राम' में 'वर्क इंडिया ऐप' के जरिए 'शिस कार्पोरेशन' नामक फर्जी कम्पनी बनाकर बेरोजगारों से ट्रेनिंग और वैरीफिकेशन के नाम पर पैसे ऐंठने वाले गिरोह के विरुद्ध एफ. आई.आर. दर्ज की गई। 30 मार्च को 'ठाणे' (महाराष्ट्र) में एक बेरोजगार युवक को रूस में अच्छी नौकरी दिलवाने का लालच देकर उससे 2.92 लाख रुपए ठगने के आरोप में एक महिला सहित 3 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

5 मई को 'रायपुर' (छत्तीसगढ़) ग्रामीण पुलिस ने सरकारी विभागों में नौकरी दिलवाने के नाम पर 34 लोगों से करोड़ों रुपए की वसूली करने वाले एक शिक्षक और क्लर्क को गिरफ्तार किया। 28 मई को 'जबलपुर' (मध्य प्रदेश) में नौकरी लगवाने का लालच देकर एक युवक से 1.26 लाख रुपए की ठगी मारने का मामला सामने आया। आरोपी स्वयं को नेताओं का करीबी बताकर लोगों से रुपए वसूलता था। 3 जून को 'खटीमा' (उत्तराखंड) में एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दिलवाने का लालच देकर तथा उसे फर्जी नियुक्तिपत्र देकर उससे 21 लाख रुपए ठग लेने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया 4 जून को 'पुणे' (महाराष्ट्र) के 'हिंजवाड़ी फेज-2' स्थित 'थिंक टैक्नोलॉजी इंडिया' नाम की कम्पनी द्वारा सैंकड़ों इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स, फ्रैशर्स और इंटर्स को नौकरी, स्टाइपेंड व स्थायी रोजगार का सपना दिखाकर लाखों रुपए ठग लेने के आरोप में कम्पनी के सी.ई.ओ. 'हर्षल ठाकरे' को गिरफ्तार किया गया जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

5 जून को 'नोएडा' (उत्तर प्रदेश) में होटल मैनेजमैंट के छात्रों को विदेशी क्रूज पर नौकरी दिलाने का लालच देकर 52 लाख रुपयों की ठगी करने का भंडाफोड़ हुआ। ठगों ने सोशल मीडिया विज्ञापनों और फर्जी इंटरव्यू के जरिए छात्रों को जाल में फंसाया था। 5 जून को ही 'सिरसा' (हरियाणा) के 'नाथूसरी चौपटा' गांव में 'अली मोहम्मद' नामक युवक को विदेश में नौकरी दिलवाने का लालच देकर उससे 1.90 लाख रुपए ठगने के आरोप में राजस्थान के एक आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने केस दर्ज किया। और अब 6 जून को 'ग्वालियर' (मध्यप्रदेश) के 'महाराजपुरा' में एक तांगा चलाने वाले को नगर निगम में नौकरी दिलवाने का लालच देकर उससे 2.25 लाख रुपए ठग लेने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध केस दर्ज किया।

ये तो वे चंद वारदातें हैं जो समाचारपत्रों में प्रकाशित हुए हैं। इनके अलावा भी न जाने ऐसे कितने मामले हुए होंगे जिनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। अतः नौकरी पाने के उतावले पन में नौकरी दिलवाने का दावा करने वाले लोगों की अच्छी तरह पड़ताल करने और काम हो जाने के बाद ही उन्हें पैसे देने चाहिएं।

ऐसे मामले सामने आने के बाद पुलिस को आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

शिकायत कहाँ और कैसे करें? यदि आपके साथ या किसी परिचित के साथ ऐसी ठगी हुई है, तो बिना समय गंवाए नीचे दिए गए कदम उठाएं- साइबर हेल्पलाइन- तुरंत टोल-फ्री नंबर 1930 डायल करें। यदि वित्तीय धोखाधड़ी के 2 घंटे के भीतर शिकायत की जाए, तो पैसे फ्रीज होने की संभावना बढ़ जाती है.ऑनलाइन शिकायत- गृह मंत्रालय के आधिकारिक पोर्टल साइबर क्राइम पोर्टल पर जाकर पूरी जानकारी, चैट स्क्रीनशॉट और बैंक ट्रांजैक्शन डिटेल्स अपलोड करें. लोकल पुलिस स्टेशन आप अपने नजदीकी थाने या साइबर सेल में जाकर भारतीय न्याय संहिता के तहत धोखाधड़ी की लिखित शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बैंक को सूचित करें- जिस बैंक अकाउंट या यूपीआई से पैसे ट्रांसफर हुए हैं, उस बैंक को तुरंत सूचित कर ट्रांजेक्शन ब्लॉक करने को कहें। ध्यान रखें के जरूरी है-कोई भी असली कंपनी या सरकारी विभाग नौकरी देने के बदले पैसों की मांग नहीं करता है.वेबसाइट की जांच करें- सरकारी नौकरियों की जानकारी हमेशा सिर्फ gov.in या nic.in वाली आधिकारिक वेबसाइटों पर ही देखें।

सत्यापन किसी भी अनजान नंबर से आए जॉब ऑफर पर भरोसा करने से पहले उस कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट या लिंक्डइन प्रोफाइल पर जाकर वैकेंसी की पुष्टि करें जरूरत है कि जागरूक बने सावधान रहें सतर्क रहें ऐसा करके ही युवाओं को इस तरह की ठगी से बचाया जा सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं पिछले 38 वर्ष से लेखन और पत्रकारिता से जुड़े हैं)
सम्पर्क 9219179431 journal-istmanojyzx@gmail.com

# गंगा मे फेयरवे (जलमार्ग) को रखरखाव के लिए ड्रेजिंग परियोजना

## वैज्ञानिक ड्रेजिंग, पारदर्शी क्रियान्वयन और जनकल्याण का उत्कृष्ट उदाहरण

गंगा-राष्ट्रीय जलमार्ग-1 पर स्थित फेयरवे परियोजना आज वैज्ञानिक योजना, पारदर्शी क्रियान्वयन और सतत विकास का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरी है। गंगा नदी पर सुरक्षित एवं निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई यह परियोजना भारत सरकार के अंतर्देशीय जल परिवहन को सशक्त बनाने के संकल्प को नई दिशा प्रदान कर रही है।

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल तथा राज्य मंत्री श्री शांतनु ठाकुर के नेतृत्व में, श्री विजय कुमार, सचिव, पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय (MoPSW) के मार्गदर्शन तथा श्री सुनील पालीवाल, अध्यक्ष, आईडब्ल्यूएआई एवं श्री सुनील कुमार सिंह, उपाध्यक्ष, आईडब्ल्यूएआई एवं क्षेत्रीय कार्यालय की सक्रिय निगरानी और तकनीकी पर्यवेक्षण की निरंतर निगरानी में यह परियोजना योजनाबद्ध ढंग से आगे बढ़ाई जा रही है। धरती ड्रेजिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने परियोजना के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण दीघा-गाज़ीपुर फेयरवे के ड्रेजिंग में विशेष भूमिका निभा रहे है। कंपनी आधुनिक तकनीकों, निरंतर गहराई निगरानी, सुरक्षा मानकों तथा संविदात्मक शर्तों का पालन करते हुए कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दे रहे हैं। परियोजना के दौरान पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। ड्रेजिंग कार्य शुरू करने से पहले विस्तृत हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण, नदी की प्रवाह प्रणाली का अध्ययन तथा उथले क्षेत्रों की पहचान की गई।

इसके आधार पर नौवहन चैनल की वैज्ञानिक रूप से योजना बनाई गई, जिससे पर्यावरणीय मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करते हुए केवल आवश्यक स्थानों पर ही ड्रेजिंग कर रहे हैं। इस परियोजना का लाभ केवल नौवहन क्षेत्र तक सीमित नहीं है। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ने, व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलने तथा क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलने की उम्मीद है। मझुआ-गाज़ीपुर, गंगा तट के आसपास रहने वाले अनेक लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए भारत सरकार, मंत्रालय और आईडब्ल्यूएआई के प्रति आभार व्यक्त किया है।

स्थानीय लोगों का मानना है कि बेहतर जलमार्ग सुविधाएँ क्षेत्र में विकास, निवेश और आजीविका के नए अवसर लेकर आएंगी। फेयरवे परियोजना यह सिद्ध करती है कि यदि वैज्ञानिक योजना, तकनीकी दक्षता और पारदर्शी प्रशासन का समन्वय हो, तो आधारभूत संरचना परियोजनाएँ आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक समृद्धि का भी माध्यम बन सकती हैं। राष्ट्रीय जलमार्ग पर यह परियोजना भविष्य की जलमार्ग विकास योजनाओं के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल के रूप में देखी जा रही है।



# मीडिया ट्रस्ट ऑफ इंडिया की मासिक बैठक में पत्रकार एकजुटता का संदेश

◆ समाज और लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष पत्रकारिता जरूरीः डॉ. परशुराम सिंह

◆ संगठन की ताकत उसके सदस्यों की एकता में निहितः के.सी. श्रीवास्तव एडवोकेट

**चंदौली।** मीडिया ट्रस्ट ऑफ इंडिया की मासिक बैठक मंगलवार को आलोक इंटर कॉलेज, चंदौली में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। बैठक में संगठन विस्तार, पत्रकार हित, सामाजिक सरोकारों और निष्पक्ष पत्रकारिता के मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। मुख्य अतिथि वृक्ष बंधु डॉ. परशुराम सिंह ने कहा कि आज जब समाज अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है, तब पत्रकारों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि मीडिया ट्रस्ट ऑफ इंडिया के सदस्य निःस्वार्थ भाव से जनहित के मुद्दों को उठाकर समाज में जागरूकता का कार्य कर रहे हैं। ऐसी संस्थाएं लोकतंत्र को मजबूती देने के साथ-साथ गरीब, शोषित और वंचित वर्ग की आवाज बनने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल पेशा नहीं बल्कि समाज सेवा का सशक्त माध्यम है।

विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य राजेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि पत्रकार



समाज का दर्पण होता है। उसकी कलम में परिवर्तन की शक्ति होती है और वही समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य करती है। संगठन के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा ने कहा कि संगठन की मजबूती ही पत्रकारों का सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करती है। उन्होंने सभी सदस्यों से संगठन के हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। संगठन के सचिव के.सी. श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि किसी भी संगठन की वास्तविक शक्ति उसके सदस्यों की एकजुटता में होती है। नई कार्यकारिणी पत्रकारों और समाज से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी हस्तक्षेप करेगी। उन्होंने कहा कि पत्रकार अपनी निष्पक्ष और जनपक्षीय लेखनी से समाज में विश्वास और सकारात्मक परिवर्तन का वातावरण तैयार करें।

बैठक में जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, शिव प्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष धर्मवीर सिंह, रामयश चौबे, चकिया तहसील अध्यक्ष विनय राय, डॉ. अनिल उपाध्याय, डॉ. अभिषेक उपाध्याय, सुधांशु जायसवाल, अजय उर्फ शिवजी, अजय कुमार मिश्रा, संजना सिंह, राजकमल प्रजापति, विनय पाण्डेय राहुल, विनोद कुमार श्रीवास्तव, अंजनी नंदन पाण्डेय, विनोद मिश्रा, महेन्द्र, सवरू, चन्द्रशेखर, राहुल, मुख्तार शेख सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा द्वारा सभी पत्रकारों को संगठन का परिचय पत्र वितरित किया गया। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने का संकल्प भी लिया गया।

# गंगा नदी में मछुआरों के महाजाल में फंसा मिला शिवलिंग, जुटी श्रद्धालुओं की भीड़

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** चंदौली के सूजाबाद क्षेत्र में गंगा किनारे एक शिवलिंग मिलने की चर्चा इन दिनों क्षेत्र में तेजी से फैल रही है। घटना को लेकर स्थानीय मछुआरों और ग्रामीणों ने अपना पक्ष रखा है, वहीं पुलिस भी पूरे मामले की जानकारी जुटाने और सत्यापन में लगी हुई है। स्थानीय निवासी जितेंद्र साहनी और कल्लू साहनी के अनुसार लगभग एक सप्ताह पहले वे अपने साथियों के साथ नदी में महाजाल डालकर मछली पकड़ रहे थे। इसी दौरान जाल खींचते समय उसमें एक भारी पत्थर जैसी वस्तु फंस गई। पहले उन्हें लगा कि यह कोई साधारण बोल्डर है, लेकिन बाहर निकालने पर पता चला कि वह शिवलिंग है।

ग्रामीणों के मुताबिक शिवलिंग को नदी से निकालकर किनारे सुरक्षित रखा गया। बाद में वहां पहुंचे कुछ लोगों ने श्रद्धा भाव से उसे एक ऊंचे स्थान पर स्थापित करने की इच्छा जताई, जिसके बाद शिवलिंग को वहां स्थापित कर दिया गया। घटना की जानकारी फैलते ही आसपास के क्षेत्रों से लोगों का आना-जाना शुरू हो गया और श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी।



इसी बीच पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से पूछताछ की। बातचीत के दौरान अधिकारियों ने शिवलिंग और वहां बने चबूतरे के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि शिवलिंग को उन्होंने साफ-सफाई के साथ सुरक्षित रखा है तथा चबूतरा काफी पुराना है, जो कई वर्षों से वहां मौजूद है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थल लंबे समय से धार्मिक आस्था का केंद्र रहा है। वहीं कुछ ग्रामीणों ने गंगा किनारे पानी भरने और जलस्तर बढ़ने से होने वाली समस्याओं का भी जिक्र किया।

फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम का सत्यापन कर रही है। क्षेत्र में शिवलिंग मिलने की खबर चर्चा का विषय बनी हुई है और बड़ी संख्या में लोग स्थल पर पहुंचकर दर्शन कर रहे हैं।

# पुलिस भर्ती परीक्षा दूसरे दिन भी शांतिपूर्ण संपन्न

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** जनपद में आयोजित पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा का दूसरा दिन मंगलवार को पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सकुशल संपन्न हुआ। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल के मार्गदर्शन में सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुदृढ़ रहीं। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें कुल 4128 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 3165 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 963 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न हुई, जिसमें 4128 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 3201 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 927 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी गई। प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस बल ने लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# साढ़े 7 करोड़ के काम का हिसाब मांगने पहुंचे मनोज सिंह

## पत्थर की जगह बोरों में भरी मिट्टी का खेल

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** जिले की सैयदराजा विधानसभा की गुरैनी पंप कैनाल को गंगा के कटान से बचाने के लिए सरकारी खजाने से करीब 7.5 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं।

स्थानीय नेता मनोज सिंह ने मौके पर पहुँचकर इस पूरे काम की पोल खोल दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाने के बाद भी कैनाल की हालत जर्जर है। वीडियो में साफ़ दिख रहा है कि जहाँ मज़बूत पत्थर और सीमेंट का काम होना चाहिए था, वहाँ बोरों में मिट्टी भरकर रखी जा रही है। मनोज सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि जब भारी पत्थर कटान में नहीं टिक पाए, तो इन मिट्टी भरे बोरों की क्या औकात है। पैर रखते ही ये बोरे फट रहे हैं, जो काम की क्वालिटी को साफ़ बयां करते हैं। मनोज सिंह ने दिखाया कि निर्माण में सफेद गंगा बालू का इस्तेमाल हो रहा है, जबकि काम के लिए लाल बालू का केवल थोड़ा सा सैंपल रखा गया है। कैनाल की दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें आ चुकी हैं और काम पूरा होने से पहले ही हिस्सा गिर रहा है।

उन्होंने इसे खुला भ्रष्टाचार बताते हुए अधिकारियों की मिलीभगत पर सवाल उठाए हैं। काम की घटिया क्वालिटी पर सवाल उठाते हुए मनोज सिंह ने जमनियां चक्का बांध का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि वह बांध 10 सालों से वैसे ही टिका है क्योंकि वहां पत्थर और सीमेंट का सही इस्तेमाल हुआ था। लेकिन गुरैनी कैनाल में सीमेंट का नामोनिशान नहीं है और सिर्फ़ गंगा बालू से लीपापोती की गई है।

इस लूट के खिलाफ मनोज सिंह ने डीएम और कप्तान को सीधी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर एक हफ्ते के भीतर जिम्मेदारों पर केस नहीं हुआ और जांच नहीं हुई, तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। मनोज सिंह ने साफ़ किया कि वे खुद कैनाल पर धरने पर बैठेंगे और जनता के पैसे की लूट बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# गंगा कटान पर प्रशासन सख्त

## मानसून से पहले सुरक्षा कार्य पूरे करने के निर्देश, दीर्घकालिक समाधान के लिए बनेगी डीपीआर

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** गंगा नदी के तटीय क्षेत्रों में बढ़ते कटान को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) राह्लपल्ली जगत साँई ने मंगलवार को गुरैनी पंप कैनाल का स्थलीय निरीक्षण कर गंगा तट पर हो रहे कटान की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आगामी मानसून से पूर्व सभी आवश्यक सुरक्षात्मक एवं मरम्मत कार्य हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए।

सीडीओ ने कहा कि गंगा कटान से किसानों की उपजाऊ भूमि और तटीय आबादी को होने वाले नुकसान को रोकना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने तथा संभावित खतरे वाले स्थानों पर समय रहते प्रभावी कदम उठाने को कहा। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता, बंधी प्रखंड तथा अधिशासी अभियंता, लघु डाल मौजूद रहे। स्थानीय किसान मुन्ना सिंह एवं दीनानाथ श्रीवास्तव ने भी गंगा कटान से जुड़ी समस्याओं और ग्रामीणों की चिंताओं से अधिकारियों को अवगत कराया।

स्थायी समाधान की दिशा में बड़ा कदम- सीडीओ ने अधिशासी अभियंता, बंधी प्रखंड को निर्देश दिया कि गंगा तट के दीर्घकालिक संरक्षण एवं कटान-रोधी उपायों के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत किया जाए।



प्रशासन का मानना है कि वैज्ञानिक एवं स्थायी योजना के माध्यम से भविष्य में होने वाले कटान को प्रभावी ढंग से रोका जा सकेगा।

# अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर कसा शिकंजा

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** खनिजों के अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग और नियमों की अनदेखी पर लगाम कसने के लिए जिलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग और पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल ने मंगलवार को नौबतपुर स्थित खनन विभाग के चेकगेट का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान बिहार से आने वाले मोरम लदे वाहनों के दस्तावेज, आईएसटीपी (ISTP) और परिवहन संबंधी अभिलेखों की गहन जांच की गई। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राजेश कुमार एवं खनन अधिकारी को चेकगेट पर लगातार निगरानी रखने, विशेष प्रवर्तन दल तैनात करने तथा सीमावर्ती जिलों के साथ समन्वय बनाकर अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी परिस्थिति में



अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग अथवा अन्य गैरकानूनी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बिना नंबर प्लेट अथवा नंबर प्लेट छिपाकर चलने वाले वाहनों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीएम और एसपी की इस संयुक्त कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

## जिलाधिकारी ने किया बाढ़रोधी एवं कटानरोधी निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण



गोरखपुर। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने आज चिल्लूपार विधानसभा में स्थित विभिन्न बाढ़रोधी एवं कटानरोधी निर्माण कार्यों का विधायक चिल्लूपार राजेश त्रिपाठी के साथ स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की स्थिति की जांच की और संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को तय समय पर कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने बड़हलगंज विकास खंड स्थित पटना घाट के पास सरयू नदी पर बन रहे बांध का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग के बाढ़ खंड के अधिकारयों से बांध के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली एवं कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यह कटान की दृष्टि से बहुत गंभीर क्षेत्र है इसलिए यहां निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि बांध को मजबूत और गुणवत्तापूर्ण बनाए ताकि यह दीर्घकाल तक क्षेत्र को बाढ़ एवं कटान से मुक्त रखे। इसके बाद जिलाधिकारी बगहा देवार गाँव में निर्माणाधीन कटान रोधी कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने आधिकारियों को निर्देश दिया कि बरसात से पूर्व सभी कार्य पूर्ण कर लें ताकि पूर्व की भांति यहां कटान और बाढ़ की स्थिति न उत्पन्न हो। इसके बाद जिलाधिकारी जगदीशपुर गांव में सरयू नदी पर कटान रोकने हेतु निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया।

इस दौरान संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, मानकों और प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माण स्थल पर उपलब्ध सामग्री की गुणवत्ता की भी जानकारी की।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता मिलने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने दिए आर्थिक अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई और तेज करने के निर्देश

लखनऊ। आर्थिक अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई को और अधिक प्रभावी, त्वरित और परिणामोन्मुख बनाने के लिए आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) को आधुनिक तकनीक, सुदृढ़ जांच प्रणाली और प्रभावी अनुश्रवण तंत्र से सशक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईओडब्ल्यू की कार्यप्रणाली एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए आर्थिक अपराधों से जुड़े मामलों में त्वरित जांच, प्रभावी कार्रवाई और दोषसिद्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में आर्थिक अपराधों से संबंधित लंबित जांच, विवेचनाओं, गिरफ्तारी, अभियोजन, जनजागरूकता गतिविधियों तथा संगठनात्मक सुधारों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय धोखाधड़ी, जालसाजी, गबन और अन्य आर्थिक अपराध न केवल सरकारी संसाधनों को प्रभावित करते हैं, बल्कि आम नागरिकों के विश्वास को भी आघात पहुंचाते हैं। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोर और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए।

बैठक में बताया गया कि संगठन द्वारा लंबित मामलों के निस्तारण के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष 2026 में 31 मई तक 155 जांच, विवेचना एवं अनुवर्ती कार्यवाहियों का निस्तारण किया जा चुका है। इसी अवधि में 71 अभियुक्तों की गिरफ्तारी भी सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पुराने मामलों के निस्तारण में और तेजी लाई जाए तथा वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन मामलों में पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध हैं, उनमें अभियोजन और न्यायिक प्रक्रिया को गति दी जाए। उन्होंने सुदृढ़ पैरवी, गुणवत्तापूर्ण विवेचना और साक्ष्य संकलन के माध्यम से अधिकाधिक मामलों में दोषसिद्धि सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में महत्वपूर्ण प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि प्रत्येक मामले की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और दोषियों को कानून के अनुसार दंडित कराने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए।

बैठक में बताया गया कि जांच, विवेचना और अनुवर्ती कार्यवाहियों के प्रभावी प्रबंधन के लिए केस मैनेजमेंट सिस्टम (सीएमएस) विकसित किया गया है। यह प्रणाली प्रकरणों के डिजिटल प्रबंधन, ऑनलाइन रिपोर्टिंग, रियल टाइम मॉनिटरिंग तथा डैशबोर्ड आधारित अनुश्रवण की सुविधा प्रदान करती है। मुख्यमंत्री ने इसके प्रभावी उपयोग के निर्देश देते हुए कहा कि तकनीक आधारित व्यवस्था से जांच की गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि होगी। जांच अधिकारी किसी मामले को तीन माह से अधिक समय तक अपने पास न रखें। इस सम्बंध में उनकी जवाबदेही भी तय की जाय।

मुख्यमंत्री ने आर्थिक अपराधों की रोकथाम के लिए जनजागरूकता को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बदलते तकनीकी परिवेश में वित्तीय धोखाधड़ी, निवेश संबंधी ठगी तथा अन्य आर्थिक अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाना आवश्यक है। बैठक में बताया गया कि ईओडब्ल्यू द्वारा जागरूकता, जानकारी, बचाव अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से आमजन को विभिन्न प्रकार के आर्थिक अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने इस अभियान को और व्यापक बनाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आर्थिक मुद्दों से जुड़े मामलों को समयबद्ध ढंग से निस्तारित करने की कार्रवाई को तेज किया जाय। उन्होंने कहा कि पोंजी स्कीम, मल्टीलेवल मार्केटिंग, चिट-फंड घोटाले एवं साइबर फ्रॉड जैसे विषयों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में तकनीक का प्रयोग किया जाय। बैठक में संगठन की क्षमता वृद्धि, अधिकारियों एवं विवेचकों के प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीकों के उपयोग तथा संगठन के विस्तार से संबंधित प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक अपराधों की प्रकृति लगातार जटिल होती जा रही है। ऐसे में जांच एजेंसियों को आधुनिक संसाधनों, तकनीकी दक्षता और प्रभावी कार्यप्रणाली से सुसज्जित किया जाना आवश्यक है, ताकि आर्थिक अपराधों के विरुद्ध प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## सफाई कर्मियों का वेतन कटौती को लेकर प्रदर्शन



लखनऊ। लखनऊ के चिनहट क्षेत्र में एलएसए (LSA) कंपनी के सफाई कर्मचारियों ने वेतन कटौती और नौकरी से निकालने की धमकी के विरोध में जमकर हंगामा किया। कर्मचारियों ने कंपनी के सुपरवाइजर अविनाश राजपूत पर तानाशाही रवैया अपनाने और वेतन से दो हजार रुपये काटने का आरोप लगाया। बुधवार को गोमती नगर स्थित दयाल चौराहे के पास कंपनी के कार्यालय पर बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी पहुंच गए और कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। कर्मचारियों का आरोप था कि बिना किसी स्पष्ट कारण के उनके वेतन से ?2000 की कटौती की गई है। विरोध करने पर नौकरी से निकालने की धमकी दी जा रही है।

विरोध प्रदर्शन के दौरान कर्मचारी झाड़ू लेकर सड़क पर उतर आए और दयाल पैराडाइज के पास विकासखंड इलाके में सड़क जाम कर दी। सड़क जाम होने से यातायात प्रभावित रहा और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। कर्मचारियों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वेतन कटौती वापस लेने की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी शिकायत सुनी। पुलिस ने मामले के समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी कर्मचारी शांत हुए और सड़क जाम समाप्त कर दिया।

एलएसए कंपनी के प्रोजेक्ट हेड अभय रंजन ने बताया कि दो सफाई कर्मचारियों के बीच विवाद हुआ था। इसी को लेकर स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। उन्होंने कहा कि मामले को समझाकर शांत करा दिया गया है और फिलहाल स्थिति सामान्य है।

## आप का पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन



लखनऊ। लखनऊ में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं का पेपर लीक के खिलाफ जोरदार हंगामा विरोध प्रदर्शन । हजरत गंज चौराहे पर प्रदर्शन करते हुए विधान सभा की ओर बढ़ रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी हंगामा किया। प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ताओं ने कहा बार-बार पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने से छात्र मानसिक रूप से परेशान हो चुके हैं। हजरतगंज चौराहे पर बेरीगेटिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने रोका । इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं में जमकर नोकझोंक धक्का मुक्की हुई। कार्यकर्ताओं को टांग कर पुलिस पुलिस ले गई। कई कार्यकर्ता बस की छत पर चढ़कर नारेबाजी करने लगे जिन्हें ऊपर से उतारा गया। लगभग 15 मिनट तक पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच में संघर्ष चला। भीषण गर्मी में प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर अभद्रता करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन कर रहे अंशुल यादव ने कहा पेपर लीक से छात्र मानसिक रूप से बीमार हो चुकेहैं। इस देश के शिक्षा मंत्री भ्रष्ट हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हमारी मांग है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को कैबिनेट से बाहर करें। पेपर लीक से आहत होकर लगभग पांच छात्रों ने आत्महत्या कर लिया है उनकी मौत का जिम्मेदार कौन होगा। जो मां-बाप अपने बच्चों को डॉक्टर के रूप में देखना चाहते थे उनके सामने उन बच्चों की लाश आई। सभी छात्रों की मौत की जिम्मेदार मौजूदा सरकार है। प्रदेर्शन कर रहे अमन सोनी ने कहा कि सरकार बड़े-बड़े दावे और वादे करती है मगर ठीक तरीके से एक परीक्षा नहीं करवा पा रही है। छात्रों का भविष्य बर्बाद हो चुका है आज देश के तमाम छात्र खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। हम लोग देश के छात्रों नौजवानों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ रहे हैं। मगर पुलिस हमारे साथ अभद्रता कर रही है । मगर हम लोग रुकने वाले नहीं हैं छात्रों को न्याय दिलाएंगे।

## रोजगार मेले में 275 युवाओं को मिली जॉब



लखनऊ। लखनऊ के ITI अपीगंज में बुधवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मारुति समेत कुल 6 कंपनियां हायरिंग के लिए पहुंची। कैंपस में सुबह से ही अभ्यर्थियों की जॉब फेयर के लिए भीड़ उमड़ी थी। भीषण गर्मी और तेज धूप के बावजूद युवाओं में जॉब के लिए जबरदस्त उत्साह दिखा। रोजगार मेले में कुल 454 अभ्यर्थी शामिल हुए। रिटेन टेस्ट और फिर इंटरव्यू के बाद कुल 275 युवाओं का अलग-अलग कंपनियों के लिए सेलेक्ट किया गया।

ITIअलीगंज के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि रोजगार मेले में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (गुजरात), अजनया पावर प्रोसेस, डीएसओ फैसिलिटी सर्विसेज, त्रिवेणी अल्मीरा प्राइवेट लिमिटेड, कोटक महिंद्रा बैंक और असाइन सर्विसेज समेत कुल 6 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। ITIअलीगंज के प्लेसमेंट ऑफिसर एमए खान ने बताया कि कैंपस ड्राइव में शामिल 454 अभ्यर्थियों में से 275 का चयन किया गया।

चयनित अभ्यर्थियों को कंपनियों की ओर से 29,612 रुपये प्रतिमाह वेतन के साथ अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।

## 3 जालसाज गिरफ्तार,मर्चेंट क्यूआर कोड बनाकर करते थे साइबर ठगी



गोरखपुर। गोरखपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र के एक अपार्टमेंट से 3 शातिर साइबर ठग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये फर्जी दस्तावेजों से मर्चेन्ट क्यूआर कोड बनाकर साइबर ठगी करते थे। ठगों की पहचान कुशीनगर जिले के तमकुहीराज थाना के बसडिला गुनाकर निवासी संकेत राय, गोरखनाथ के शहीद अब्दुल्ला नगर का तौहीद आलम और शाहपुर आवास विकास कॉलोनी के राज सिंह के रूप में हुई। तीनों ठगों ने कोतवाली क्षेत्र में ठिकाना बनाया हुआ था। पुलिस ने पूछताछ कर तीनों आरोपियों को जेल भिजवा दिया। पुलिस लाइन के व्हाइट हाउस में बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस करते हुए एसपी सिटी निमिष पाटील और सीओ कोतवाली ओंकर दत तिवारी ने संयुक्त रूप से इस गिरोह के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पकड़े गए ठगों में संकेत राय गिरोह का सरगना है।

तीनों ठग कोतवाली इलाके एक अपार्टमेंट में 2 साल से किराए का फ्लैट लेकर रह रहे थे। यहीं से फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से गूगल पे, भारत पे समेत अन्य कंपनियों का मर्चेंट क्यू आर कोड तैयार करते थे। जिसका इस्तेमाल साइबर फ्रॉड से अर्जित धनराशि के लेन-देन और निकासी में किया जाता है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि आमजनमानस को बहला फुसलाकर उनका म्यूल बैंक खाता खुलवाया जाता था। उन म्यूल खातों को हम मिलकर फर्जी तरीके से पैन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड बनाकर उन खातों को गूगल पे, भारत पे मर्चेंट के तौर पर पंजीकृत करते थे।

इसके बाद मर्चेंट क्यूआर कोड और मर्चेंट साउंड पॉड अटैच किया जाता था। जिससे म्यूल बैंक खातों में प्रतिदिन का लेन-देन बढ़ जाता था। ऑनलाइन एनसीआरपी पर कंपलेन करने पर भी म्यूल खाता जल्दी फ्रीज नहीं होता था। इनके पास से पुलिस ने कूटरचित पैन कार्ड, बैंक एकाउंट की डिटेल, आधार कार्ड की फोटो मिली है। जिस पर विभिन्न राज्यों में ऑनलाइन साइबर कंपलेन दर्ज है। बैंक खातों की डिटेलों में करोड़ों रुपये के साइबर फ्रॉड के राशि का लेनदेन पाया गया है। इस गिरोह को पकड़ने में साइबर कमांडो उप निरीक्षक उपेंद्र सिंह, एंटी थेप्ट टीम और कोतवाली थाने की पुलिस का अहम योगदान है। साइबर ठगों से और भी जानकारी मिली है। इनका नेटवर्क बिहार समेत अन्य राज्यों में फैला हुआ है। पूछताछ के बाद कुछ और लोगों की संलिप्तता मिली है। जिनकी तलाश में पुलिस टीम लग गई है।

## मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर हुआ सुंदरकांड



गोरखपुर। गोरखपुर में भारतीय जनता पार्टी महानगर की ओर से सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने पर हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सुंदरकांड पाठ से हुई। इसके बाद भजन-कीर्तन और आरती की गई। आयोजन में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। आरती के बाद भंडारे में लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बीते 12 सालों में विकास और बदलाव का नया दौर देखा है। सरकार ने गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के हित को प्राथमिकता देते हुए काम किया है। जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना लक्ष्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में जुटा है। उन्होंने कहा कि संगठन और सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास कार्यों को गति मिली है। भाजपा कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं और उनकी मेहनत से पार्टी लगातार मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है और इसी विश्वास के साथ कार्यकर्ता आगे काम कर रहे हैं। महानगर पदाधिकारियों ने भी की सहभागिता कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष रमेश प्रताप गुप्ता, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विश्वजितांशु सिंह आशू, पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता, डॉ. सत्येंद्र सिन्हा, मंडल विकास शर्मा, रणविजय शाही और जितेंद्र चौधरी जीतू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने सुंदरकांड पाठ और आरती में शामिल होकर कार्यक्रम को संपन्न कराया।

## दहेज हत्या मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

कानपुर। मंगलपुर थाना क्षेत्र में एक प्रसूता महिला की संदिग्ध मौत के मामले में उसके नामजद पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। यह मामला दहेज हत्या से जुड़ा है। हालांकि, आरोपी की गिरफ्तारी के समय को लेकर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि घटना वाले दिन ही उसकी पुलिस वाहन में बैठी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। जानकारी के अनुसार, बीते 7 जून को सबलपुर (सौहरापुर) गांव निवासी जूली का शव घर के अंदर चारपाई पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। ससुराल पक्ष ने इसे फंदा लगाकर आत्महत्या बताया था, जबकि मायके पक्ष के लोगों ने पति और ससुरालजनों पर गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगाया था।

मृतका के पिता की तहरीर पर मंगलपुर थाना पुलिस ने पति समेत करीब 10 लोगों के खिलाफ दहेज हत्या सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। जांच के दौरान पुलिस ने नामजद आरोपी मोहित पुत्र स्वर्गीय रामकिशोर निवासी सबलपुर (सौहरापुर) को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस द्वारा बुधवार को जारी प्रेस नोट के अनुसार, आरोपी मोहित को मंगलपुर कस्बे में सैय्यद बाबा मजार के पास बंबा पुलिया, औरंगाबाद रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी के समय को लेकर चर्चाएं तेज हैं, क्योंकि घटना वाले दिन ही उसकी पुलिस वाहन में बैठी एक तस्वीर वायरल हुई थी। इस संबंध में डेरापुर सीओ सौरभ वर्मा ने स्पष्ट किया कि आरोपी को घटना वाले दिन पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था, जिसकी तस्वीर वायरल हुई होगी। उन्होंने बताया कि आरोपी को बुधवार को विधिक प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। मामले की विवेचना जारी है।

## सबसे लंबी अवधि तक प्रधानमंत्री के रूप में देशसेवा करने वाले जननेता बनने पर पीएम मोदी को मुख्यमंत्री ने दी बधाई

लखनऊ। सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने वाले पीएम नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। गौरतलब है कि निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 4399 दिन पूरा कर मोदी सबसे लंबे समय तक इस पद पर रहने वाले जनसेवक बन गए हैं। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री को बधाई दी। उन्होंने लिखा कि 145 करोड़ भारतवासियों की सेवा, सुरक्षा और समृद्धि के लिए सतत समर्पित, अमृतकाल के सारथी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के इतिहास में सबसे लंबी अवधि तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने वाले जननेता बनने पर हार्दिक बधाई। भारतीय लोकतंत्र का यह अभूतपूर्व कीर्तिमान संपूर्ण देशवासियों के विश्वास, स्नेह और आशीर्वाद की सामूहिक अभिव्यक्ति है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि इतिहास में ऐसे अवसर विरले ही दिखते हैं, जब कोई नेतृत्व केवल सरकार का नहीं, बल्कि एक युग की चेतना का प्रतीक बन जाता है। यह सम्मान उसी तप, त्याग, दूरदृष्टि और राष्ट्रनिष्ठा का अभिनंदन है, जिसने करोड़ों देशवासियों को विकसित भारत के स्वप्न से जोड़ा है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि राष्ट्रसेवा को समर्पित आपकी यह अविराम साधना भारत की प्रगति, प्रतिष्ठा और पराक्रम की नई गाथाएं लिखती रहे, यही मंगलकामना है।

## पेसमेकर की नई तकनीक से थमेगा हार्ट फेलियर का खतरा

कानपुर। कानपुर कार्डियोलॉजी संस्थान के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एस के सिन्हा और उनकी टीम ने दुनिया में पहली बार पेसमेकर वाले 16 मरीजों पर 49 दिनों की एक ऐसी नोवेल स्टडी की है, जिससे 60% हार्ट फेलियर मरीजों के इलाज की नई राह खुल गई है; इस ब्लड प्रेशर एट्रियल एडेप्टिव पेसिंग तकनीक से मरीजों का बढ़ा बीपी कम हुआ, दिल पर लोड घटा और जो मरीज पहले सिर्फ 3 मिनट चल पाते थे, वे इलाज के बाद 9 मिनट तक आसानी से चलने लगे, जिसे वैश्विक मान्यता देते हुए यूरोपियन सोसाइटी ऑफ कार्डियोलॉजी ने भी पब्लिश किया है। ट्रेडमिल टेस्ट में भी मरीजों के लक्षणों में बड़ा सुधार देखा गया। दिल पर लोड कम होने से उसकी पंपिंग और रिलैक्स होने की क्षमता बहुत बेहतर हो गई, जिससे मरीजों की छाती में होने वाली जकड़न और कंजेशन से भारी आराम मिला। यह पूरा क्लिनिकल ट्रायल 49 दिनों तक चला, जिसमें पेसमेकर लगे 16 मरीजों को शामिल किया गया था। डॉ. एस के सिन्हा ने बताया कि, इन मरीजों की धड़कन (पल्स रेट) को एक खास एल्गोरिथम के जरिए कंट्रोल किया गया। आसान भाषा में समझें- जब मरीजों का हार्ट रेट कंट्रोल हुआ, तो उनका पल्स प्रेशर कम हो गया। इससे सिस्टोलिक बीपी यानी ऊपर का ब्लड प्रेशर घटा और डायस्टोलिक यानी नीचे का बीपी थोड़ा बढ़ा, जिससे ब्लड प्रेशर का गैप नॉर्मल हो गया। नतीजा यह हुआ कि दिल पर पड़ने वाला एक्स्ट्रा दबाव और लोड काफी कम हो गया। इस तकनीक का असर देखने के लिए डॉक्टरों ने मरीजों का सिक्स मिनट वॉक टेस्ट और ट्रेडमिल टेस्ट कराया। इसके परिणाम बेहद चौंकाने वाले रहे। रिसर्च से पहले ये मरीज पेसमेकर लगे होने के बावजूद सिर्फ 3 से 4 मिनट ही चल पाते थे, लेकिन 49 दिनों के इस खास इलाज के बाद मरीजों में इतना सुधार हुआ कि वे बिना किसी परेशानी के 9 मिनट तक चलने लगे। ट्रेडमिल टेस्ट में भी मरीजों के लक्षणों में बड़ा सुधार देखा गया। दिल पर लोड कम होने से उसकी पंपिंग और रिलैक्स होने की क्षमता बहुत बेहतर हो गई, जिससे मरीजों की छाती में होने वाली जकड़न और कंजेशन से भारी आराम मिला। 60% मरीजों को मिलेगा जीवनदान, जिनके लिए दवाएं भी थीं बेअसर डॉ. एस.के सिंह के मुताबिक, हार्ट फेलियर के कुल मरीजों में से 55 से 60% मरीज ऐसे होते हैं जिन्हें हार्ट फेलियर विद प्रिजर्व्ड इजेक्शन फ्रैक्शन की बीमारी होती है। इसका सीधा मतलब यह है कि मरीज के दिल की पंपिंग तो नॉर्मल दिखती है, लेकिन दिल का रिलैक्सेशन यानी सिकुड़ने के बाद वापस फैलना सही नहीं होता है। मेडिकल साइंस के पास अब तक ऐसे मरीजों के लिए कोई ठोस या कारगर इलाज मौजूद नहीं था। बहुत से अध्ययन हुए लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला, मगर इस नई स्टडी ने दुनिया को एक नई दिशा दिखा दी है। इससे यह समझने में मदद मिली है कि यह बीमारी क्यों होती है और भविष्य में इसका सटीक इलाज कैसे किया जाए। सडन हार्ट अटैक पर लगेगी लगाम हालांकि, अभी यह रिसर्च सिर्फ 16 मरीजों पर ही किया गया है। लेकिन अब इसके बेहतरीन नतीजों को देखते हुए यूरोपियन सोसाइटी ऑफ कार्डियोलॉजी अब इस तकनीक को एक बहुत बड़े स्तर पर टेस्ट करने की प्लानिंग कर रही है। कार्डियोलॉजी संस्थान में आने वाले समय में इस तकनीक के जरिए मरीजों का और भी बेहतर इलाज होगा, जिससे न सिर्फ हार्ट फेलियर के मरीजों को नया जीवन मिलेगा, बल्कि सडन हार्ट अटैक यानी अचानक आने वाले दौरे के मामलों पर भी काफी हद तक लगाम कसी जा सकेगी।

## रोजगार से स्वावलंबन तक,योगी सरकार के प्रयासों से प्रदेश के युवा बन रहे सफल उद्यमी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार लगातार ऐसे प्रयास कर रही है, जिनसे गांवों में रहने वाले लोग स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें। सरकार की विभिन्न योजनाएं न केवल युवाओं को रोजगार उपलब्ध करा रही हैं, बल्कि उन्हें उद्यमी बनने का अवसर भी दे रही हैं। योगी सरकार के विजन 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' को लखीमपुर खीरी जिले के ग्राम देवरिया निवासी रामलखन ने धरातल पर उतारा है।

रामलखन ने बताया कि वे कुछ नया करने और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने का सपना देखते थे। हालांकि संसाधनों और पूंजी की कमी उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती थी। ऐसे समय में उन्हें जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से संचालित 'प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम' की जानकारी मिली। उन्होंने योजना के तहत आवेदन किया और वर्ष 2024 में उन्हें 10 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। सरकारी सहयोग मिलने के बाद रामलखन ने दुग्ध उत्पादन का व्यवसाय शुरू किया। उन्होंने डेयरी संचालन की शुरुआत की और धीरे-धीरे अपने उद्यम को विस्तार दिया।

आज उनका डेयरी व्यवसाय प्रतिदिन लगभग 5 से 8 क्विंटल दूध का उत्पादन कर रहा है। स्थानीय स्तर पर दूध की आपूर्ति की जा रही है, जिससे स्थानीय बाजार भी मजबूत हो रहा है। इससे केवल रामलखन का ही जीवन नहीं बदला, बल्कि उनके साथ गांव के तीन और लोगों को भी रोजगार मिला है। रामलखन आज खर्चों के बाद प्रतिमाह लगभग 15 से 30 हजार रुपये की शुद्ध आय अर्जित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार द्वारा रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही योजनाएं प्रदेश में आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव तैयार कर रही हैं। सरकार की इस पहल से प्रदेश के युवा नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर अन्य लोगों को रोजगार दे रहे हैं।

## सीएचसी में दो डॉक्टर समेत तीन कर्मचारी अनुपस्थित



कानपुर। कानपुर के बिठूर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का बुधवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो चिकित्सक सहित तीन कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अस्पताल में ओपीडी व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता, अभिलेखों के रखरखाव और मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय डॉ. श्रद्धा वर्मा, डॉ. राजेश कुमार और स्वास्थ्यकर्मी शिवम पाल अनुपस्थित मिले। अनुपस्थिति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित तीनों कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने तथा उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने भ्रमण पंजीका का भी अवलोकन किया और अस्पताल में आने वाले मरीजों की संख्या एवं उपचार व्यवस्थाओं की जानकारी ली निरीक्षण के दौरान दवा भंडार की भी जांच की गई। जिलाधिकारी ने आवश्यक औषधियों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने और मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

अस्पताल में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने समय पर वेतन न मिलने की समस्या बताई। इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से बातचीत कर कर्मचारियों का वेतन समय पर दिलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अस्पताल में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

# अयोध्या-लखनऊ मार्ग पर भव्य गेट कॉम्प्लेक्स तैयार

**▶▶ 20.20 करोड़ रुपये की लागत से गेट कॉम्प्लेक्स एवं बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य पूर्ण ▶▶ अयोध्या-लखनऊ मार्ग को मिला नया स्वरूप, दो भव्य प्रवेश द्वार बने आकर्षण का केंद्र ▶▶ गेट कॉम्प्लेक्स के साथ रोड, सीवर, ड्रेनेज और सिंचाई लाइन का कार्य भी पूरा ▶▶ रेनवाटर हार्वेस्टिंग, फायर फाइटिंग एवं ईएसएस सुविधाओं से लैस हुआ परिसर**

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या को नित नई पहचान मिल रही है। इसी क्रम में अयोध्या-लखनऊ मार्ग पर स्थित (फिरोजपुर गांव के पास) 20.20 करोड़ रुपये की लागत से भव्य गेट कॉम्प्लेक्स व बाउंड्रीवॉल का निर्माण कर लिया गया है। यह परियोजना अब अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए स्वागत द्वार बन गई है। अयोध्या लखनऊ हाईवे पर रोड दोनों तरफ दो भव्य प्रवेश द्वार अब मार्ग को नया स्वरूप प्रदान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ादित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या को विश्व स्तर का पर्यटन केंद्र बनाने की दिशा में यह एक और महत्वपूर्ण कदम है। राम मंदिर के निर्माण के बाद अयोध्या में बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास हो रहा है। इस गेट कॉम्प्लेक्स से आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक प्रथम दृष्टया ही भव्यता का अनुभव करेंगे। पर्यटन विभाग के इस प्रोजेक्ट ने अयोध्या की सुंदरता और पहचान को और विस्तार दिया है। अब अयोध्या न केवल धार्मिक नगरी है बल्कि आधुनिक पर्यटन सुविधाओं से सुसज्जित शहर के रूप में भी उभर रहा है। स्थानीय लोगों में भी इस विकास कार्य को लेकर उत्साह है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (निर्माण इकाई, अयोध्या) द्वारा पूरा किया गया। कार्य की शुरुआत 1 नवंबर 2023 को हुई थी और निर्धारित समय से पहले 28 फरवरी 2026 को इसे पूर्ण कर लिया गया। वर्तमान में कार्य पूर्ण होने के बाद हस्तांतरण की प्रक्रिया चल रही है।

गेट कॉम्प्लेक्स में दो भव्य गेट बनाए गए हैं जो पारंपरिक भारतीय वास्तुकला और आधुनिक सुविधाओं का अद्भुत संगम प्रस्तुत करते हैं। इन गेट्स के साथ-साथ रोड निर्माण,



पार्किंग व्यवस्था, सीवर लाइन, ड्रेनेज सिस्टम, सिंचाई लाइन रेनवाटर हार्वेस्टिंग, फायर फाइटिंग सिस्टम और इंटरनल इलेक्ट्रिफिकेशन का कार्य भी पूरा हो चुका है। यह गेट कॉम्प्लेक्स अयोध्या की सांस्कृतिक गरिमा को बढ़ाते हुए आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। प्रवेश द्वार परिसर में हरित क्षेत्र, सुव्यवस्थित पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा गया है। बाउंड्रीवॉल ने पूरे परिसर को सुरक्षित घेरा प्रदान किया है। इस परियोजना से अयोध्या-लखनऊ मार्ग अब न केवल सुंदर दिख रहा है बल्कि यातायात और पर्यटन के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि गेट कॉम्प्लेक्स में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, फायर फाइटिंग और पर्याप्त विद्युतीकरण जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इससे परिसर पर्यावरण अनुकूल और सुरक्षित बन गया है। मार्ग पर यात्रा करने वाले वाहनों के लिए बेहतर पार्किंग व्यवस्था और स्वच्छता का ध्यान रखा गया है। यह परियोजना रामनगरी अयोध्या के प्रवेश मार्ग को भव्य बनाने के साथ-साथ पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने वाली साबित होगी। गेट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन शीघ्र होने की संभावना है, जिसके बाद यह श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार हो जाएगा। पर्यटकों की बढ़ती संख्या से स्थानीय व्यापार, होटल और परिवहन क्षेत्र को फायदा होगा।

# भाजपा नेता कपिल देव वर्मा ने अग्नि पीड़ितों का जाना हाल-चाल, दिया हर संभव मदद का भरोसा



**अम्बेडकरनगर।** सिलेंडर फटने से आग लग जाने के कारण कई घरों की घर गृहस्थी जलकर नष्ट हो गई। टाण्डा विधानसभा क्षेत्र के मईपुर में बीती रात्रि को आग लग जाने से रात्रि में ही प्रशासनिक सहयोग से आग को काबू में किया गया। गैस सिलेंडर फटने से काफी नुकसान हुआ है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा आज बुधवार प्रातः घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ितों का कुशल क्षेम जाना और हर तरीके से सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता कर तत्काल प्रभाव से पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। उनके साथ में भाजपा टांडा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामधनी वर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष रामजनम वर्मा, भाजपा नेत्री ज्योति सिंह, सर्वेश गुप्ता, दिवाकर पटेल, ग्राम सभा प्रधान व अन्य तमामजन उपस्थित रहे। आज से दो मकान पूरी तरह जलकर राख हो गये है। जिससे पांच परिवार प्रभावित हुए हैं।

अग्नि पीड़ितों में गंगाराम पुत्र हरीराम की 2 वर्ष की पडिया झुलसकर मर गई तथा एक पडिया घायल हो गई। जिसमें छप्पर, चारपाई, तख्त, राशन, जेवर, ठेला, फटा सिलेंडर, सिलाई मशीन, साइकिल कपड़े का टैंक आदि सामान का नुकसान हुआ है। राजाराम पुत्र हरीराम का छप्पर, बाइक, ठेला, बाइक, दो साइकिल, लगभग 8 से 10 कुंतल गेहूं सहित अन्य घरेलू सामान का नुकसान हुआ है और एक दो वर्षीय पड़वा भी मर गया है। अच्छेलाल पुत्र रामदुलार का चार-पांच वर्षीय गर्भवती दो भैंसे झुलस गई है और लगभग 15 कुंतल अनाज, साइकिल चारा मशीन सहित लगभग ढाई लाख रुपए का जेवर सहित अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। प्रकाश पुत्र हुबलाल का भूसा घर जिसमें 8 से 10 कुंतल भूसा लगभग 5 कुंतल अनाज, बलराम पुत्र हुबलाल का छप्पर युक्त भूसा घर राशन व एक तख्त सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया है।

## राम जानकी मंदिर से मूर्ति गायब, पुलिस कर रही तलाश

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र के खिरौनी सुचित्तागंज नगर पंचायत के मजरे नाथू मिश्र का पुरवा के सामने बने राम जानकी मंदिर से मंगलवार की रात अराजक तत्वों ने मूर्ति गायब कर दी। कुआँ में लगी ईंट में तोड़फोड़ की सामान एक कुएं में फेंकने दिया और माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। जिसे लेकर आसपास के ग्रामीणों में चर्चा फैल रही है। मन्दिर के पुजारी के आरोप के मुताबिक मंदिर का दरवाजा तोड़कर अराजक तत्वों ने घटना को अंजाम दिया। चोर मंदिर में स्थापित भगवान कार्तिकेय, भगवान गणेश और नंदी की संगमरमर की मूर्तियां उठा ले गए।मंदिर में स्थापित कुछ मूर्तियों को तोड़ दिया। बुधवार सुबह जब मंदिर के पुजारी अशोक कुमार मिश्रा पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। मंदिर का दरवाजा टूटा देख उन्होंने तत्काल डायल 112 तथा रौनाही पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मामले में रौनाही थाना प्रभारी लालचंद सरोज ने बताया कि मंदिर के बगल स्थित कुएं से मंदिर का एक घड़ा बरामद किया गया है। कुएं में पंपिंग सेट लगाकर पानी निकाला जा रहा है और गायब संगमरमर की मूर्तियों की तलाश की जा रही है। पुलिस घटना के सभी पहलुओं से जांच कर रही है। मंदिर में हुई घटना को लेकर आसपास के गांव से जुड़े ग्रामीणों में चिन्ता का माहौल है।

# मंहगाई, बेरोजगारी व नीट पेपर लीक मुद्दे को लेकर सपा का गोसाईंगंज में धरना

**अयोध्या।** गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र समाजवादी पार्टी के द्वारा गोसाईगंज-बरदहिया बाजार में बढ़ती महंगाई,बेरोजगारी,डीजल- पेट्रोल-गैस, खाद-पानी, बिजली की समस्या, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, पीडीए के संवैधानिक अधिकारों की हकमारी व नीट पेपर लिक आदि समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया।

जिसमें बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद लाल वर्मा, निवर्तमान जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव,प्रदेश महासचिव दादा जयशंकर पाण्डेय पूर्व विधायक, गोसाईगंज के प्रभारी /प्रत्याशी चौ.लौटनराम निषाद,पूर्व प्रत्याशी रामसागर वर्मा, प्रदेश सचिव इंद्रपाल यादव,समाजवादी पिछड़ावर्ग प्रकोष्ठ के परेशान सचिव जगन्नाथ पाल, रोली यादव, स्नेहलता निषाद,संदीप यादव सनी, मायाराम यादव, मयाबाजार ब्लॉक अध्यक्ष बिन्देश्वरी प्रसाद यादव, तारुन ब्लॉक अध्यक्ष अजीत पटेल, बीकापुर ब्लॉक अध्यक्ष गया प्रसाद यादव




एवं समाजवादी पार्टी गोसाईगंज विधानसभा कमेटी के पदाधिकारी, सभी जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, सेक्टर पर्यवेक्षक, ब्लॉक कमेटी के पदाधिकारी, बूथ प्रभारी आदि शामिल हुए।

धरना प्रदर्शन में निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष सियाराम निषाद, जिला उपाध्यक्ष राजेश पटेल, जिला सचिव सीताराम यादव, सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शिवकुमार यादव (फौजी), युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शुभम वर्मा, पिछड़ावर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष गोविन्द विश्वकर्मा, मोहम्मद असलम, हनुमान सोनी, श्याम सिंह सैनी, जिला सचिव रामबरन यादव,जिला पंचायत सदस्य गण अतुल यादव,नागेन्द्र यादव, रामस्वरूप फैज़ाबादी, प्रेमनारायण यादव, सेक्टर प्रभारी गण रामदेव यादव, दिनेश गौड़,रामबचन सैनी, बाबूराम यादव, मिस्बाह उलहक, हौसिला प्रसाद यादव, देवराज यादव, राकेश चौरसिया, सभापति यादव,सुरेन्द्र यादव, मशरूर अख्तर, राजकुमार वर्मा, चंद्रभान वर्मा प्रधान, सुरेन्द्र यादव, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, धर्मवीर वर्मा, रामनरेश यादव,अर्जुन निषाद, श्रीचंद्र चौरसिया,मनसाराम वर्मा, सुरजीत यादव,महेश निषाद, कृपाराम वर्मा, शिवपाल पाल,सियाराम यादव,भानू यादव, रविन्द्र यादव, मुलायम सिंह यादव दिनेश जायसवाल आदि सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## पूरी रात अंधेरे में डूबा रहा राठहवेली इमामबाड़ा मोहल्ला, स्टाफ की कमी से नहीं बन सकी लाइट

**अयोध्या।** मंगलवार रात 11.30 बजे की गयी लाइट सुबह तक नहीं बन सकी पूरा मोहल्ला सड़क पर था, सांसद प्रतिनिधि हामिद जाफर मीसम ने कहा कि चौक बिजली घर पर स्टाफ़ को फोन करने पर सही जानकारी नहीं दे पाते है रात को एसडीओ को फोन किया तो सुबह चार बजे एक लाइन मैंन और दो सीढ़ी वाले भेजे लेकिन वो भी राहत देने का काम नहीं कर पाए,सांसद प्रतिनिधि ने आरोप लगाया कि इतने बड़े क्षेत्र में सिर्फ रात की ड्यूटी एक लाइनमैन के भरोसे है और दिन में 2 लाइनमैन भरोसे उन्होंने कहा कि पूरी एबीसी जल गयी है अफसर आराम से सो रहे हैं जनता सड़क पर है ,एबीसी जलने से राठहवेली इमामबाड़ा आंशिक खावासपूरा आंशिक ,कि लाइट पूरी रात बंद रहीं, पूरी जनता रात भर सड़क पर थी दोपहर 12 बजे बुधवार लाइट बनी आधा घंटा बात फिर एबीसी दग गयी, सांसद प्रतिनिधि ने आरोप लगाया कि न विभाग के पास संसाधन है न स्टाफ़ है और अधिकारी भी कोई सार्थक जवाब देने में असमर्थ है। मौजूदा भाजपा के जनप्रतिनिधियों को भी जनता से कोई सरोकार नहीं है नौकरशाही का बोलबाला है।

# जनगणना-2027 के तहत छूटे मकानों का भी होगा सूचीकरण

**नगर निगम ने जारी किए संपर्क नंबर**

**अयोध्या।** नगर निगम अयोध्या ने जनगणना-2027 के अंतर्गत चल रहे मकान सूचीकरण अभियान को लेकर नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। अपर नगर आयुक्त एवं नगर जनगणना अधिकारी सुमित कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि नगर निगम क्षेत्र की विभिन्न एनयूएलबी (नगर निकाय) सीमाओं में मकानों का सूचीकरण कार्य प्रगति पर है।

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी भवन स्वामी के मकान का सूचीकरण अब तक नहीं हो पाया हैअथवा किसी कारणवश उसका मकान गणना कार्य से छूट गया है, तो संबंधित व्यक्ति तत्काल नगर निगम के जोन कार्यालयों से संपर्क कर अपने भवन का सूचीकरण करा सकता है। इससे जनगणना के दौरान किसी भी भवन या परिवार का विवरण छूटने नहीं पाएगा।

इसके लिए नगर निगम ने तीनों जोनों के प्रभारी अधिकारियों के नाम और मोबाइल नंबर भी जारी किए हैं। जोन1 अयोध्या धाम के लिए अशोक कुमार गुप्ता (8922854887), जोन 2 कौशलपुरी के लिए विनय प्रताप सिंह (7311165811) तथा जोन-3 अवधपुरी के लिए सुभाष चंद्र त्रिपाठी (9450044683) से संपर्क किया जा सकता है।

नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में सहयोग करें तथा यदि उनका मकान सूचीकरण से छूट गया हो तो शीघ्र संबंधित जोन अधिकारी से संपर्क कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराएं। इससे जनगणना-2027 का कार्य अधिक सटीक एवं प्रभावी ढंग से संपन्न हो सकेगा।

# नगर निगम का नेटवर्क ठप, नामांतरण शुल्क जमा न होने से अटके काम

**अयोध्या।** नगर निगम में नेटवर्क और सर्वर की समस्या के कारण नामांतरण (म्यूटेशन) शुल्क जमा नहीं हो पा रहा है। इससे नामांतरण से जुड़ी फाइलों की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, नगर निगम के हेल्प डेस्क पर शुल्क जमा कराने पहुंचे लोगों और कर्मचारियों को तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पहले हेल्प डेस्क पर तैनात कर्मियों की ओर से आईडी और पासवर्ड संबंधी समस्या बताई गई। इसके बाद बारकोड के माध्यम से यूपीआई भुगतान करने की सलाह दी गई। हालांकि, भुगतान प्रक्रिया भी सुचारु रूप से नहीं चल सकी।

बताया गया कि जब पटल सहायक नामांतरण पत्रावली लेकर शुल्क जमा कराने के लिए हेल्प डेस्क पहुंचा तो वहां मौजूद कर्मियों ने सर्वर नहीं चलने की बात कहकर शुल्क जमा करने में असमर्थता जताई। इसके चलते नामांतरण की फाइलें आगे नहीं बढ़ सकीं।

नगर निगम की ऑनलाइन व्यवस्था में आई इस बाधा से नागरिकों के जरूरी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि तकनीकी समस्याएं लंबे समय तक बनी रहीं तो नामांतरण समेत अन्य सेवाओं में भी देरी बढ़ सकती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि डिजिटल व्यवस्था का उद्देश्य काम को आसान और तेज बनाना है, लेकिन बार-बार नेटवर्क और सर्वर की समस्या सामने आने से आम नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

यदि नगर निगम जल्द तकनीकी समस्या का समाधान नहीं करता है तो नामांतरण संबंधी मामलों का लंबित होना बढ़ सकता है। साथ ही नागरिक सेवाओं की समयबद्धता पर भी असर पड़ेगा। ऐसे में लोगों की अपेक्षा है कि नगर निगम नेटवर्क और सर्वर व्यवस्था को जल्द दुरुस्त कर सेवाओं को सामान्य बनाए, ताकि नागरिकों के काम बिना बाधा के पूरे हो सकें।

## जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक 18 जून को

**अयोध्या।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (नगर) योगानन्द पांडे की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक दिनांक 18 जून को 05:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई है। बैठक में सेवारत/भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों व उनके आश्रितों की समस्याओं/शिकायतों के समयबद्ध अनुश्रवण एवं निराकरण सुनिश्चित किए जाने हेतु चर्चा की जायेगी। जनपद के सेवारत/भूतपूर्व सैनिकों व उनके परिजनों से आग्रह है कि वे अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु पहचान-पत्र के साथ प्रार्थना-पत्र अभिलेखीय साक्ष्यों सहित दिनांक 18 जून 2026 के पूर्व किसी भी कार्य दिवस में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं, जिससे संबंधित विभागीय अधिकारियों से निस्तारण की कार्यवाही कराई जा सके। उक्त जानकारी ले.कर्नल संजीव कुमार (अ.प्रा.) सदस्य सचिव, जिला सैनिक बन्धु समिति एवं पुनर्वास अधिकारी अयोध्या ने दी है।

# पीड़ित महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाय : चारू चौधरी

**उ.प्र. राज्य महिला आयोग ने सर्किट हाउस में महिला चौपाल में किया संवाद**

**अयोध्या।** उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर) उ0प्र0 राज्य महिला आयोग चारू चौधरी का आज सर्किट हाउस अयोध्या में आगमन हुआ। उपाध्यक्ष द्वारा झुनझुन वाला ग्रुप आफ इन्स्टीट्यूट, हांसापुर अयोध्या कालेज में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। इसके उपरान्त उपाध्यक्ष द्वारा जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुये बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत नवजात 12 बालिकाओं को बेबी किट का वितरण किया गया।

उपाध्यक्ष द्वारा सर्किट हाउस अयोध्या में महिला चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं/पीड़िताओं से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही राजकीय महिला शरणालय और वृद्धा आश्रम का निरीक्षण किया गया। उपाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि महिलाओं की सुरक्षा हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता मे से एक है। उपाध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि पीड़ित



महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण करना प्राथमिकता से लेते हुये उनकी समस्या का निराकरण तुरन्त किया जाय। महिला चौपाल में महिला कल्याण विभाग के जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, वन स्टाप सेन्टर, चाइल्ड लाइन, हब फॉर इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन, जिला बाल संरक्षण इकाई व विभाग से अन्य स्टॉप भी उपस्थित रहे।

## निर्वाचक नामावली का हुआ अंतिम प्रकाशन

**अयोध्या।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विशु राजा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के अनुपालन में उत्तर प्रदेश पंचायत राज (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण) नियमावली, 1994 के अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार कर ली गयी है और उक्त निर्वाचक नामावली का को अन्तिम प्रकाशन कर दिया गया है, निर्वाचक नामावली की एक प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय, तहसील/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय/खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय/संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में निरीक्षण हेतु उपलब्ध है।

# भीटी तहसील में प्राइवेट मुंशियों का भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी का आतंक

**बार एसोसिएशन ने गंभीर आरोप लगाते हुए अनिश्चितकालीन न्यायिक कार्य बहिष्कार करने का लिया निर्णय**

भीटी, **अंबेडकरनगर।** भीटी तहसील इस समय भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी की भेंट चढ़ गई है। उक्त आरोप बार एसोसिएशन की बैठक में लगाया गया। बैठक में आरोप लगाया गया, कि उप जिला अधिकारी भीटी के कार्य व्यवहार से एवं न्यायालय में व्याप्त भ्रष्टाचार से क्षुब्ध होकर, यह निर्णय लिया गया, कि जब तक सुधार नहीं होता, उप जिला अधिकारी महोदय के न्यायालय का अनिश्चितकाल के लिए बहिष्कार किया जाता है। प्राइवेट मुंशीयों द्वारा फैलाए जा रहे, भ्रष्टाचार से क्षुब्ध होकर, यह भी निर्णय लिया गया कि जब तक इसमें सुधार नहीं हो जाता है। तब तक न्याय कार्य में अधिवक्ता व्यक्त रहेंगे, और बार एसोसिएशन ने यह भी स्पष्ट करने की मांग की, किसके आदेश से प्राइवेट मुंशीयों को रखा गया है। के संबंध में आज पुनः आम सभा भीटी में करने की घोषणा की गई है। उक्त जानकारी बार एसोसिएशन के लेटर पैड पर जारी किए गए लिखित सूचना में दी गई है।

भ्रष्टाचार को रोकने वाले ही जब भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी, धनउगाही का बढ़ावा देंगे तो आम जनता में कैसे विश्वास जागृत होगी, जब सोने में जंग लग जाएगा, तो लोहे का क्या होगा। बैठक में आरोप लगाया गया है, कि बिना रिश्वत लिए प्राइवेट मुंशी कोई कार्य नहीं करते, यह एक गंभीर आरोप है। इसकी भी जांच होनी चाहिए और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि इसकी पुनरावृति न हो जा सके, इस विषय में उप जिलाधिकारी भीटी से संपर्क साधा तो उनका फोन नहीं उठा, तुरंत तहसीलदार भीटी से संपर्क किया गया, उन्होंने कहा कि हमारे संज्ञान में मामला नहीं है। हम क्षेत्र में बाहर हैं। यह क्या मामला है, हम तहसील पहुंचने पर बुलाकर बैठक करेंगे।

# सर्वाधिक समय तक देश की सेवा करने वाले पीएम बने मोदी

**श्रवण क्षेत्र धाम के भोलेनाथ के मंदिर पर आयोजित हुए कार्यक्रम**

**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** भारतीय जनता पार्टी जनपद अंबेडकरनगर कटेहरी विधानसभा के मंडल श्रवण क्षेत्र धाम के श्रवण क्षेत्र में भगवान भोलेनाथ के मंदिर पर भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं दिशा निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम आज का दिन संसदीय इतिहास में स्वर्णाक्षरों में सदैव के लिए अंकित हो गया है। विश्व के सबसे लोकप्रिय राजनेताओं में से एक एवं करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भारत के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सर्वाधिक समय तक देश की सेवा करने वाले प्रधानमंत्री बन गए हैं।

इस शुभ अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद के साथ में सम्मिलित होकर मंडल श्रवण क्षेत्र धामं के श्रवण क्षेत्र में भगवान भोलेनाथ के मंदिर में




शिवलिंग पर पूजन-अर्चन करके माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण राष्ट्रसेवा को समर्पित किया है। ईश्वर से प्रार्थना है कि वे इसी ऊर्जा, समर्पण और संकल्प के साथ लंबे समय तक देश की सेवा में निरंतर कार्यरत रहें।

इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक रहे कटेहरी मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा अमरजीत मौर्य जी कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्रवण क्षेत्र धाम मंडल के ऊर्जावान मंडल अध्यक्ष भाजपा लाल बहादुर पाल,जी जिला मंत्री भाजपा, संजय सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष वर्मा,एमएलसी प्रतिनिधि अरुण सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा, दिलीप तिवारी, जिलामंत्री संजय सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता शक्ति केंद्र संयोजक, शत्रुघ्न सिंह मंडल महामंत्री महेंद्र गौड़, भाजपा नेता कपिल देव तिवारी, भोला सिंह, कुलदीप अग्रहरि, बूथ अध्यक्ष पुजारी सुनील मिश्रा, भाजपा कार्यकर्ता शिवम अग्रहरि सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## वंदे भारत ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**शुजागंज अयोध्या।** कोतवाली रुदौली क्षेत्र के जलालपुर निवासी युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मिली जानकारी के अनुसार रुदौली रेलवे स्टेशन अंतर्गत जलालपुर निवासी राम जीत यादव पुत्र मोती लाल उम्र 19 वर्ष बुधवार दिन में लगभग एक बजकर पंद्रह मिनट रेलवे लाइन पार कर रहे थे इसी बीच बंदे भारत ट्रेन संख्या 22945 गुजरते ही चपेट में आ गये स्थिति पर दर्दनाक मौत हो गई। हादसा सुनकर स्थानीय ग्रामीण पहुंच कर रेलवे पुलिस को सूचना दिया सूचना मिलते ही रेलवे उपनिरीक्षक कैसर खॉ अपनी टीम के साथ पहुंच कर रेलवे ट्रैक से शव उठाकर सुरक्षित स्थान पर रखाया शव की पहचान होने के बाद घर वालों को सूचना दिया गया सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया ग्रामीणों के अनुसार मृतक मानसिक रुप से ग्रस्त था पैदल घर से जा रहे थे जलालपुर गांव के निकट लाइन पार करते समय हादसा हो गया। कोतवाली रुदौली निरीक्षक संजय मौर्य ने बताया कि जानकारी मिली है, जांच की जा रही है।

# प्रेस क्लब में हुई जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के मासिक बैठक



**अयोध्या।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के जिला अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह (जेडी सिंह) की अध्यक्षता में पार्टी की मासिक बैठक प्रेस क्लब अयोध्या में आहूत की गई जिसमें कार्यकर्ताओ और पदाधिकारियो को पार्टी के नये दिशा निर्देशो से अवगत कराया व आगामी चुनाव को ध्यान रखते हुए विधानसभा व जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत क्षेत्र के चुनाव पर चर्चा की गई। इसी क्रम में पार्टी का विस्तार करते हुए नये पदाधिकारियो का मनोनयन किया गया जिसमें कपिल देव त्रिपाठी को जिला सचिव दीपक सिंह जिला महासचिव, कृष्ण कुमार महानगर उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी जिला उप-सचिव अनुपम मिश्रा सोहावल ब्लाक उपाध्यक्ष, रमेश निषाद वार्ड अध्यक्ष (अम्बेडकर नगर वार्ड) अंकुर चौधरी (सोशल मीडिया प्रभारी), अनीता को (महानगर महिला उपाध्यक्ष) नियुक्ति किया गया इस अवसर पर बैठक में जिला अध्यक्ष जेडी सिंह महानगर अध्यक्ष हर्ष निषाद, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष उमेण श्रीवास्तव अभिषेक सिंह (जिला अध्यक्ष व्यापर प्रकोष्ठ) रविकान्त दूबे (जिला उपाध्यक्ष), अजय सिंह (जिला उपाध्यक्ष) अभय सिंह (जिला महासचिव) अभिषेक सिंह, अमर सिंह उमेश विभाद गौतम, परमजीत यादव शाश्वत त्रिपाठी, जिला महासचिव, महासचिव, अधिवक्ता प्रकोष्ठ। सैफ कुरेशी (छात्र प्रकोष्ठ तथास्तु सिंह, विवेक विक्रम चौहान, तिलक राम निषाद, गोपी निषाद, संतोष सिंह, कल्लू रवि निषाद, सुमित सिहं, महेन्द्र चौरसिया, आदि लोग मौजूद रहे।